वर्ष : 34 ⏩ अंक : 77 ⏩ पृष्ठ : 8 ⏩ मुंबई, शनिवार, 24 मई 2025 ⏩ RNI: MAHHIN/49994/91 ⏩ मूल्य : 3 रुपए ⏩ epaper.dobajedopahar.com ⏩ संपादक : अरुण लाल

रवीना टंडन की तमिल सिनेमा में वापसी

▸ पेज -7

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

पाकिस्तान को फिर FATF की ग्रे लिस्ट में लाएंगे : सरकार

▸ पेज -8

सीएम फडणवीस का चुनावी बिगुल

डीबीडी संवाददाता | सांगली

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद महाराष्ट्र में स्थानीय निकायों के चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां बढ़ गई है। चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को वार्ड का परिसीमन करने का आदेश दिया है। चुनाव की तैयारियों को लेकर महायुति के घटक दल बीजेपी, शिंदे सेना और अजित पवार की एनसीपी ने तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस भी ने अब स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। सांगली में भाजपा कार्यकर्ताओं के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फडणवीस ने साफ कहा, "एक परीक्षा हमने पास कर ली है, अब दूसरी परीक्षा की तैयारी करनी है।"

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया एलान, कहा - अब दूसरी परीक्षा की तैयारी करनी है

▸▸ सितंबर-अक्टूबर में हो सकते हैं स्थानीय चुनाव



उद्धव सरकार पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब महाराष्ट्र में उद्धव सरकार थी, तो राज्य के सभी निर्माण कार्य ठप हो गए थे, जिससे जनता में नाराजगी फैल गई थी। इसी नाराजगी के चलते लोगों ने विधानसभा चुनाव में उद्धव सरकार का रास्ता बंद कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बढ़ी हलचल

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि महाराष्ट्र में सभी लंबित स्थानीय निकाय चुनाव चार महीने के भीतर कराए जाएं। इसके बाद राज्य की सभी प्रमुख पार्टियां, विशेष रूप से महायुति, महाविकास आघाड़ी और निर्दलीय गुट, चुनावी मोड में आ गए हैं।

वार्ड गठन की प्रक्रिया शुरू

महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग ने स्थानीय निकाय चुनावों के संबंध में वार्ड गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त दिनेश वाघमारे ने बताया कि वार्ड गठन की प्रक्रिया में करीब 70 दिन लगेंगे। इसके बाद आरक्षण होगा, जिसमें 15 दिन और लगेंगे। मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया में 40 दिन और लगेंगे।

प्रशासकों के अधीन हैं नगर निगम

सभी 29 नगर निगमों, 248 नगर परिषदों, 42 नगर पंचायतों, 32 जिला परिषदों और 336 पंचायत समितियों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और ये वर्तमान में प्रशासकों के अधीन हैं। 27 नगर निगमों का कार्यकाल 2020-2023 के बीच समाप्त हो गया।

बीजेपी में उत्साह, कांग्रेस में खामोशी

नगरपालिका, महानगरपालिका और स्थानीय चुनाव की तैयारियों को लेकर महायुति के घटक दल बीजेपी, शिंदे सेना और अजित पवार की एनसीपी ने तैयारी शुरू कर दी है। पदों पर नई नियुक्तियां की जा रही है। बैठकों का दौर निकल पड़ा है। उद्धव सेना और शरद पवार की पार्टी भी सक्रिय हो गई है, लेकिन कांग्रेस में गजब की खामोशी छाई है। ऐसा लगता है जैसे कांग्रेस नेताओं ने लड़ने से पहले ही हथियार डाल दिया हो। आज मुंबई कांग्रेस में कई सारे महत्वपूर्ण पद खाली पड़े हैं। कांग्रेस में ब्लाक अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष जैसे कई सारे पदों खाली पड़े है। जिला प्रभारी निष्क्रिय हो गए हैं। पार्टी की योजनाओं को जिले में अमल करने वाले जिला प्रभारी घर बैठ गए हैं। खुद मुंबई अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ जिस लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती है उस जिले का जिलाध्यक्ष तक नहीं है। लोकसभा चुनाव से ऐन पहले जिला अध्यक्ष जगदीश अमीन कुट्टी कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे। तब से कुट्टी की जगह पर कोई नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कई सारे ब्लॉक अध्यक्ष पद खाली पड़े हैं जबकि बीएमसी के चुनाव में ब्लॉक अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष एक अहम भूमिका होती है। ऐसे में कांग्रेस किसके दम पर चुनाव लड़ेगी। यह सवाल कांग्रेस के नेता ही पूछ रहे हैं।

छगन भुजबल को मिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के चार दिन बाद वरिष्ठ राकांपा नेता छगन भुजबल को शुक्रवार को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग सौंपा गया। यह वही विभाग है, जो पहले भी उनके पास था। भुजबल ओबीसी समाज के बड़े नेता माने जाते हैं और नासिक जिले के येवला से कई बार विधायक रह चुके हैं। 20 मई को उन्होंने मंत्री पद की शपथ ली थी।

फडणवीस सरकार में 4 दिन पहले ली थी मंत्री पद की शपथ

धनंजय मुंडे के इस्तीफे के बाद खाली था विभाग

इस विभाग का कार्यभार पिछले मार्च से खाली था, जब राकांपा नेता धनंजय मुंडे ने इस्तीफा दिया था। इसके बाद अब भुजबल को इस जिम्मेदारी के साथ एक बार फिर सरकार में सक्रिय भूमिका दी गई है।

राकांपा का मंत्री हूं, भाजपा का नहीं : भुजबल

भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर विराम लगाते हुए भुजबल ने स्पष्ट कहा, "मैं भाजपा का नहीं, बल्कि राकांपा का मंत्री हूं। कौन मंत्री बनेगा, यह निर्णय पार्टी यानी राकांपा लेती है, मुख्यमंत्री केवल सुझाव देते हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि राकांपा में कुछ लोग 'इ' (ईडी) को लेकर विरोध कर रहे हैं, लेकिन वे पार्टी के अनुशासन में रहकर काम करेंगे। भुजबल ने कहा कि महायुति सरकार (भाजपा, शिवसेना, राकांपा) में सबको मिलकर काम करना है और उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, वे उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उनके मुताबिक, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग आम जनता से सीधे जुड़ा हुआ है।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने 46 सहायक पुलिस निरीक्षकों को दी राहत

मुंबई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य पुलिस के 46 सहायक पुलिस निरीक्षकों (एपीआई) को राहत देते हुए महाराष्ट्र प्रशासनिक न्यायाधिकरण को उनकी पदोन्नति पर नए सिरे से विचार करने और कानून के अनुसार निर्णय लेने का आदेश दिया है। ये एपीआई न्यायाधिकरण के 8 नवंबर 2023 के आदेश के बाद पदोन्नति से वंचित रह गए थे। 46 एपीआई ने न्यायाधिकरण के आदेश से असंतोष व्यक्त करते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें 8 नवंबर 2023 के आदेश पर पुनर्विचार का अनुरोध किया गया। याचिकाकर्ताओं का दावा था कि 19 दिसंबर 2022 के आदेश के अनुसार उनकी शिकायतों का निवारण किया जाना था, लेकिन न्यायाधिकरण ने इस पहलू पर विचार करने से इनकार कर दिया।



वैष्णवी आत्महत्या मामला

फरार ससुर और बेटा गिरफ्तार

7 दिन थे फरार

- 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेजे गए आरोपी
- वैष्णवी के पति, सास और ननद की पहले ही हो चुकी है गिरफ्तारी

एजेंसी | पुणे

बहू को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में फरार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पूर्व नेता और उनके बेटे को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद आज दोपहर दोनों को पुणे शिवाजीनगर अदालत में पेश किया गया। इस दौरान पुणे पुलिस ने मामले की जांच के लिए दोनों की हिरासत मांगी थी। अदालत ने पुलिस के अनुरोध को स्वीकार कर लिया और 5 दिन की पुलिस हिरासत मंजूर कर ली। इसलिए राजेंद्र हगवणे और सुशील हगवणे अब 28 मई तक पुलिस हिरासत में रहेंगे।

मामले में अब तक 12 लोगों की गवाही

वैष्णवी हगवणे मौत मामले में अब तक 12 लोगों की गवाही हो चुकी है। वैष्णवी को उसके पति शशांक ने पाइप से पीटा। पुलिस जांच में यह बात साफ हो गई है। इसलिए पुलिस ने इस मामले में अपराध में धारा 118 (2) जोड़ दी है। अब जानकारी सामने आ रही है कि पुलिस ने वह पाइप जब्त कर लिया है।

और भी लग सकती हैं धाराएं

सुनवाई के बाद वैष्णवी की ओर से दलीलें रख रहे वकीलों ने मीडिया को जवाब दिया। वकील ने बताया कि दो आरोपियों को लाया गया है। उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। आज पहली पीसी थी। जांच अभी बाकी है। सामान को जब्त करना बाकी है।

केस डायरी — हत्या को बताया सुसाइड... ऐसे खुला राज!

एनसीपी नेता राजेंद्र हगवणे की छोटी बहू वैष्णवी हगवणे ने सुसाइड कर लिया है, ऐसी जानकारी सामने आई थी। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद यह दावा किया गया कि वैष्णवी ने सुसाइड नहीं किया था उसकी हत्या की गई थी। पोस्टोमार्टम में वैष्णवी हगवणे के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। ये चोट के निशान पिटाई के बाद बने लग रहे हैं। जैसे ही पोर्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई, वैसे ही राजेंद्र हगवणे और उनका बेटा सुशील फरार हो गए।

ब्रीफ न्यूज़

गढ़चिरौली में पुलिस से मुठभेड़ में चार हार्डकोर नक्सली ढेर

गढ़चिरौली। महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित नव-स्थापित कावंडे थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई, जिसमें गढ़चिरौली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस मुठभेड़ में पुलिस ने चार हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराने में सफलता पाई है। यह घटना महाराष्ट्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस की लगातार सक्रियता और नक्सल विरोधी अभियानों का नतीजा है। हालांकि अभी तक मारे गए नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन पुलिस बल ने पुष्टि की है कि वे हार्डकोर नक्सली थे, जो कई गंभीर अपराधों में वांछित थे। यह मुठभेड़ कावंडे और नेलगुंडा से इंद्रावती नदी के किनारे के इलाके में भारी बारिश के दौरान हुई। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, पुलिस दल ने बहादुरी से नक्सलियों का सामना किया और उन्हें मार गिराने में सफलता हासिल की।

ढाई साल बाद दिव्यांग विभाग को मिला स्वतंत्र मंत्री

मुंबई। प्रदेश के दिव्यांग कल्याण विभाग को लगभग ढाई साल बाद स्वतंत्र कैबिनेट मंत्री मिले हैं। राज्य के कैबिनेट मंत्री अतुल सावे को दिव्यांग कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। सावे के पास अभी ओबीसी कल्याण, दुग्ध विकास और अपारंपरिक ऊर्जा विभाग है। फिलहाल दिव्यांग कल्याण विभाग का प्रभार मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास था। लेकिन अब सावे राज्य के नए दिव्यांग कल्याण मंत्री होंगे। राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। राज्य में 15 दिसंबर 2022 की अधिसूचना के जरिए स्वतंत्र दिव्यांग कल्याण विभाग की स्थापना की गई थी।

अस्पतालों से गैरहाजिर 58 मेडिकल अफसरों की सेवा समाप्त

स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया शासनादेश

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

स्वास्थ्य विभाग ने प्रोबेशन अवधि के दौरान बिना वैध कारण के अस्पतालों से एक वर्ष से अधिक समय तक अनुपस्थित रहने वाले 58 मेडिकल अफसरों की सेवा समाप्त कर दी है। शुक्रवार को जारी शासनादेश के अनुसार, इन अफसरों ने सरकारी नियमों का उल्लंघन किया था, विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी सेवाएं खत्म कर दीं। मेडिकल अफसरों पर सामान्य प्रशासन विभाग के फरवरी 2016 के निर्णय के तहत प्रोबेशन नीति लागू होती है। इसमें कहा गया है कि प्रोबेशन अवधि के दौरान यदि कोई अधिकारी बिना वैध कारण 7 दिनों से अधिक समय तक अनुपस्थित रहता है, तो उसकी सेवा समाप्त की जा सकती है। इन 58 अफसरों ने एक वर्ष से अधिक समय तक अनधिकृत रूप से अनुपस्थिति दर्ज कराई थी।

12 हजार करोड़ की धोखाधड़ी में ईडी की छापेमारी

- दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में 15 परिसरों पर जांच
- बिल्डरों पर मनी लांड्रिंग का आरोप

एजेंसी | मुंबई/नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में 12,000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी से जुड़ी मनी लांड्रिंग मामले में बड़े पैमाने पर छापेमारी की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई जेपी एसोसिएशन लिमिटेड, जेपी इंफ्राटेक और उनसे जुड़े अन्य कंपनियों व संस्थाओं के ठिकानों पर की जा रही है। कुल 15 परिसरों में तलाशी की जा रही है, जिनमें नोएडा के तीन प्रमुख बिल्डरों के ठिकाने भी शामिल हैं।

मनी लांड्रिंग के साक्ष्य मिले, कंप्यूटर रिकॉर्ड भी बरामद

सूत्रों के अनुसार अब तक की कार्रवाई में जांच एजेंसी को महत्वपूर्ण साक्ष्य हाथ लगे हैं, जिनसे साफ जाहिर होता है कि संबंधित कंपनियां मनी लांड्रिंग में लिप्त हैं। तलाशी के दौरान फाइलों के अलावा कंप्यूटरों से भी भारी मात्रा में रिकॉर्ड बरामद हुए हैं। निवेशकों के अतिरिक्त अन्य संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा धनराशि निवेश करने के दस्तावेज भी मिले हैं, जिनकी गहराई से जांच की जाएगी।

सबवेंशन स्कीम के नाम पर ठगी का मामला

यह कार्रवाई उन आरोपों से जुड़ी है जिसमें हजारों होम बायर्स को सबवेंशन स्कीम के तहत फ्लैट बेचे जाने का झांसा देकर ठगी की गई है। बिल्डरों ने खरीदारों को 10 फीसदी या तय राशि लेकर फ्लैट बुक किया, जिसमें दावा किया गया कि कब्जा मिलने तक किसी भी किस्त का भुगतान नहीं करना होगा।

बिल्डरों की चालाकी से खरीदार फंसे

फ्लैट बुकिंग के दौरान बिल्डर खरीदार के नाम पर बैंक से होम लोन भी करा लेते हैं। लेकिन कब्जा में देरी या आर्थिक तंगी के कारण बिल्डर ईएमआई भुगतान रोक देते हैं। चूंकि लोन खरीदार के नाम पर होता है, इसलिए बैंक ईएमआई के लिए खरीदार को परेशान करता है।

बीईसीआईएल लोन घोटाला

नोएडा से मुंबई तक फैला घूस का जाल

एजेंसी | मुंबई/नई दिल्ली

बीईसीआईएल (ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड) में 58.60 करोड़ रुपए के लोन घोटाले के सनसनीखेज खुलासे से देश हिला हुआ है। अब सीबीआई ने इस मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। आरोप है कि करोड़ों की रिश्वत ली और फर्जी दस्तावेज़ों के सहारे बैंक को गुमराह किया। बीईसीआईएल के पूर्व सीएमडी जोर्ज कुरुविला, जीएम डब्ल्यू.बी। प्रसाद, लीगल एडवाइज़र आशीष प्रताप सिंह और मुंबई स्थित निजी कंपनी TGBL के सीईओ प्रतीक कनकिया के खिलाफ सीबीआई ने चार्जशीट दायर की है।

फर्जी बैंक गारंटी और दस्तावेजों को किया नष्ट

घोटाले को छुपाने के लिए 25 करोड़ रुपए की नकली बैंक गारंटी (PNB की) पेश की गई। जो जांच में फर्जी साबित हुई। साथ ही BECIL के प्रोजेक्ट से जुड़े दस्तावेज जानबूझकर नष्ट कर दिए गए। इस वजह से BECIL को 58 l60 रुपए करोड़ का भारी नुकसान हुआ है। सीबीआई ने मामले में तत्कालीन CMD जोर्ज कुरुविला, G M डब्ल्यू.बी. प्रसाद और TGBL के CEO प्रतीक कनकिया को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।

तोहफा — केंद्र सरकार एकीकृत पेंशन योजना लाने की दिशा में कर रही काम

छह करोड़ से अधिक निर्माण श्रमिकों को मिलेगा पेंशन

- पेंशन योजना में शामिल होने वाले श्रमिकों को अपनी जेब से नहीं देना होगा कोई अंशदान
- उपकर के तौर पर ली गई धनराशि का होगा इस्तेमाल

एजेंसी | नई दिल्ली

देशभर में विभिन्न तरह के निर्माण कार्यों में लगे करीब छह करोड़ श्रमिकों को सरकार बड़ी सौगात देने की तैयारी में है। श्रमिकों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए केंद्र सरकार नई एकीकृत पेंशन योजना लाने की दिशा में काम कर रही है। इसमें श्रमिकों को कोई अंशदान नहीं देना होगा। बल्कि निर्माण कार्यों पर लिए जाने वाले उपकर (सेस) की धनराशि का इस्तेमाल किया जाएगा।



प्रमुख राज्यों के कल्याण बोर्ड के पास उपलब्ध रकम

महाराष्ट्र	9,731.83 करोड़
कर्नाटक	7,547.23 करोड़
उत्तर प्रदेश	6,506.04 करोड़

यह योजना गिग वर्क की पेंशन योजना के ही समान होगी। सूत्रों का कहना है कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय पेंशन योजना के प्रारुप पर काम कर रहा है। इस पेंशन योजना का असल लाभ राज्यों के माध्यम से श्रमिकों को मिलना है। इसलिए योजना में ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि राज्य आसानी से जुड़कर अपने यहां काम कर रहे श्रमिकों की पेंशन में योगदान कर पाएं। मुख्य तौर पर बिल्डिंग और अन्य तरह के निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को योजना का लाभ मिलेगा। इसलिए राज्यवार उनके पंजीकरण की व्यवस्था दी जाएगी।

राज्यों के पास पड़ा है रिजर्व फंड

राज्य सरकारों द्वारा निर्माण कार्य पर एक से दो प्रतिशत के बीच सेस यानी उपकर लिया जाता है। नियमों के तहत यह उपकर श्रमिकों से जुड़े कल्याण कार्यों की पूर्ति के लिए लगाया जाता है। वर्ष 2005 के बाद से राज्य सरकारों ने 1.20 लाख करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि राज्य सरकारों ने जुटाई। इसमें से 70700 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि राज्यों के श्रम कल्याण बोर्डों के पास पड़ी है, जिसका कोई सही इस्तेमाल नहीं हो रहा है। राज्यों के पास कोई ठोस योजना नहीं केंद्र सरकार का मानना है कि राज्य सरकारों के पास रिजर्व फंड लगातार बढ़ रहा है।

श्रमिक संगठनों का भी खर्चों को लेकर रहा विरोध

बीते काफी वर्षों से श्रमिक संगठन आरोप लगाते आए हैं कि ज्यादातर राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश भवन और अन्य निर्माण श्रमिक अधिनियम को लागू नहीं कर रहे हैं। निर्धारित लाभों में कटौती की जा रही है। राज्यों के श्रमिक कल्याण बोर्डों के पास पड़ी धनराशि को राज्य के खजाने में ले जाने का प्रयास किया जा रहा है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

पदभर्ती आरक्षण के लिए राज्य मंत्रिमंडलीय उपसमिति गठित

राजस्व मंत्री बावनकुले की अध्यक्षता में सात मंत्रियों की टीम करेगी अध्ययन

डीबीडी संवाददाता। मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने प्रदेश के आठ आदिवासी बहुल जिलों में सरकारी नौकरियों के समूह 'सी' और 'डी' पदों के लिए आरक्षण का प्रतिशत और रोस्टर (बिंदुनामावली) तय करने हेतु एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन किया है। इस उपसमिति की अध्यक्षता राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले करेंगे।

इन जिलों के लिए तय होंगे आरक्षण मानक

उपसमिति पालघर, नाशिक, नंदुरबार, धुलिया, यवतमाल, गडचिरोली, रायगढ़ और चंद्रपुर जिलों में अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), विमुक्त जाति, घुमंतु जनजाति, विशेष पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए लागू आरक्षण की समीक्षा करेगी।

इन मंत्रियों को मिली जिम्मेदारी

उपसमिति में सात कैबिनेट मंत्रियों को शामिल किया गया है, जिनमें सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट, आदिवासी विकास मंत्री अशोक उइके, अन्य पिछड़ा बहुजन कल्याण मंत्री अतुल सावे, कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे, स्कूली शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे, और खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल शामिल हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को उपसमिति का सदस्य सचिव बनाया गया है, जबकि विधि व न्याय विभाग के सचिव विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।

एक माह में देनी होगी रिपोर्ट

उपसमिति को इन आठ जिलों में समूह 'सी' और 'डी' पदों के लिए आरक्षण का नया प्रारूप तय कर, एक महीने के भीतर राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस और वार्डन से मारपीट

डीबीडी संवाददाता। भिवंडी

शहर में बढ़ते ट्रैफिक जाम को नियंत्रण में रखने के लिए तैनात ट्रैफिक पुलिस और वार्डन के साथ तीन लोगों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब तीन बजे शहर यातायात शाखा के पुलिस कर्मी काशीनाथ ईश्वर राठौड़ रहनाल गांव सीमा पर ट्रैफिक नियंत्रित कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने मुशर्रफ जुबैर अंसारी (25), साहिल मोहम्मद कमर बिश्ती (31) और जैद जुबैर अंसारी (20) की गाड़ी रोक ली। आरोपियों ने पहले वार्डन से बहस शुरू की और फिर पुलिसकर्मी राठौड़ के साथ भी विवाद कर उनकी सरकारी वर्दी को नुकसान पहुंचाया।

तीन आरोपी गिरफ्तार

तीनों आरोपियों ने पुलिसकर्मी को धमकाया, गाली-गलौज की और सरकारी कामकाज में बाधा डाली। इस पर नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने कहा है कि ऐसे कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कोरोना के बढ़ते मामलों पर अलर्ट

- सिविल अस्पताल में 40 बेड का विशेष वार्ड तैयार
- सभी संस्थानों को मास्क और जांच के निर्देश

धर्मेंद्र उपाध्याय। ठाणे

कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। दुनियाभर में मामलों में इज़ाफ़े के बीच भारत में भी सतर्कता तेज हो गई है। मुंबई और पुणे के बाद अब ठाणे में भी कोरोना के मामले सामने आए हैं। हालात को गंभीरता से लेते हुए ठाणे सिविल अस्पताल में 40 बेड का विशेष कोविड वार्ड तैयार किया गया है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि यह वार्ड पूर्णतः वातानुकूलित है और सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित है। डॉक्टरों, नर्सों और सहायक कर्मचारियों की विशेष तैनाती की गई है। जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार ने जानकारी दी कि मरीजों की जांच, आइसोलेशन और इलाज के लिए अलग-अलग सुविधाएं विकसित की गई हैं।

ठाणे में मिले तीन पॉजिटिव मरीज

मुंबई में संक्रमित मरीजों के पंजीकरण के बाद अब ठाणे में भी तीन लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमें हल्के लक्षण हैं और इनका इलाज जारी है। जिला स्वास्थ्य प्रशासन ने संभावित वृद्धि को देखते हुए तैयारी युद्ध स्तर पर शुरू कर दी है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी नागरिकों से मास्क पहनने, भीड़ से बचने, नियमित हाथ धोने और लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि नागरिकों की सतर्कता और सहयोग से ही संभावित कोरोना लहर को रोका जा सकता है।

शहर के सभी संस्थानों को निर्देश

डॉ. कैलाश पवार ने बताया कि स्कूल, कॉलेज, कार्यालय, मॉल और बाजारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मास्क और सैनिटाइजर के उपयोग को अनिवार्य करें। साथ ही, लक्षण दिखने पर किसी को भी प्रवेश न देने और तत्काल परीक्षण के लिए भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

कोरोना पर नियंत्रण के लिए तैयार ठाणे

जिला प्रशासन का कहना है कि हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं ताकि कोरोना संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह सतर्क हैं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

अवैध रूप से रह रही बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता। भिवंडी

भिवंडी क्राइम ब्रांच ने बांग्लादेश की एक महिला सुमी कमाल शेख (31 वर्ष) को भारत में अवैध रूप से प्रवेश और निवास के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 22 मई 2025 को दोपहर 4:05 बजे की गई और उसी रात 9:34 बजे महिला को भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला बांग्लादेश के जिला जिहेदा के ग्राम बोनगिरा की रहने वाली है। उसने बिना किसी वैध पासपोर्ट या वीजा के भारत-बांग्लादेश सीमा पार की और भिवंडी के हनुमान टेकड़ी इलाके में एक चॉल के रूम नं. 01 में छिपकर रह रही थी। इस मामले में महिला पुलिस हवलदार माया डोंगरे ने शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी के खिलाफ पारपत्र अधिनियम 1920 की धारा 3 और 4, तथा परकीय नागरिक अधिनियम 1946 की धारा 13 व 14(अ) के तहत मामला दर्ज किया गया है। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध विदेशी महिला इलाके में रह रही है, जिसके आधार पर जांच की गई और उक्त महिला को हिरासत में लिया गया। भिवंडी पुलिस अब यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि महिला भारत में किन गतिविधियों में शामिल थी, और क्या इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क काम कर रहा है।

कोर्ट ने हत्यारोपी को किया बरी

- गवाहों के बयानों में विरोधाभास और साक्ष्यों के अभाव से नहीं सिद्ध हो सका आरोप

डीबीडी संवाददाता। ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने 2018 में हुए हत्या के मामले में गवाहों के बयानों में विरोधाभास और ठोस साक्ष्यों के अभाव को देखते हुए 45 वर्षीय परमेश्वर उर्फ प्रमोद सुदमराज पाटेकर को बरी कर दिया है। यह आदेश न्यायाधीश एस.बी. अग्रवाल ने 15 मई को दिया, जिसकी प्रति शुक्रवार को उपलब्ध कराई गई। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि पाटेकर ने 24 मई 2018 को ठाणे के वागले एस्टेट इलाके में शराब को लेकर विवाद के बाद सिद्धार्थ प्रकाश चंदमारे पर चाकू से हमला किया था।

बयानों में मिले विरोधाभास

अदालत ने पाया कि मुख्य गवाह प्रवीण वाघमारे के बयानों में प्राथमिकी और अदालत में विरोधाभास था। घटना स्थल पर केवल प्रवीण मौजूद था, जबकि कोई अन्य चश्मदीद गवाह नहीं था। अभियोजन के अन्य गवाह आशा कांबले और मृतक की बहन नीलम चंदमारे को भी अदालत ने भरोसेमंद नहीं माना।

साक्ष्यों में मिली अनियमितताएं

अदालत ने हत्या में इस्तेमाल चाकू की बरामदगी में कई अनियमितताओं को भी रेखांकित किया। आरोपी के घावों की कोई मेडिकल जांच भी नहीं कराई गई थी। न्यायाधीश ने कहा, 'गवाहों के बयानों में कई बड़े विरोधाभास हैं और अभियोजन पक्ष आरोपी की दोषसिद्धि को पूरी तरह साबित करने में नाकाम रहा।' इस कारण अदालत ने आरोपी को सभी आरोपों से बरी कर दिया।

ठाणे में तीन दिन में मिले 10 कोरोना मरीज

डीबीडी संवाददाता। ठाणे



ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र में कोरोना वायरस फिर से दस्तक देता दिख रहा है। पिछले तीन दिनों में यहां कुल 10 कोरोना संक्रमित मरीज सामने आए हैं। राहत की बात यह है कि इनमें से किसी में गंभीर लक्षण नहीं पाए गए हैं और सभी मरीजों का इलाज घर पर ही किया जा रहा है। कोरोना के नए मामलों को देखते हुए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने मनपा स्वास्थ्य विभाग और सभी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने और संदिग्ध मामलों की तुरंत जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि जांच किट और दवाओं का पर्याप्त स्टॉक हर स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध रहे।

कलवा अस्पताल में तैयार किया गया विशेष वार्ड

छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल, कलवा में कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए 19 बिस्तरों का विशेष वार्ड बनाया गया है। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अनिरुद्ध मालगांवकर ने बताया कि यहां आरटी-पीसीआर जांच सुविधाएं भी उपलब्ध हैं ताकि समय पर संक्रमण की पुष्टि की जा सके।

मरीजों की हालत स्थिर, स्वास्थ्य तंत्र पूरी तरह तैयार

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चेतना नितिल ने बताया कि सभी 10 मरीजों की हालत स्थिर है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि ठाणे में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं और जांच किट्स का पूरा स्टॉक मौजूद है।

मानसून से पहले भिवंडी मनपा का सख्त कदम

21 अतिधोकादायक इमारतें कराई गईं खाली

डीबीडी संवाददाता। भिवंडी

मानसून के मद्देनजर भिवंडी महानगरपालिका ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शहर की 21 अतिधोकादायक इमारतों को खाली कराने का अभियान तेज कर दिया है। 1 मई से 20 मई 2025 तक विभिन्न प्रभागों में ये कार्रवाई की गई है, जिसमें प्रभाग 1 में 1, प्रभाग 3 में 5, प्रभाग 4 में 12 और प्रभाग 5 में 3 इमारतें शामिल हैं। मनपा ने कुल 104 इमारतों को धोकादायक या अतिधोकादायक घोषित कर उनके पानी और बिजली कनेक्शन काट दिए हैं। इन इमारतों को जल्द से जल्द खाली कराने की प्रक्रिया भी जारी है।

नागरिकों से की गई अपील

महाराष्ट्र महानगरपालिका के जनसंपर्क अधिकारी श्रीकांत परदेशी ने कहा कि मनपा ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसी खतरनाक इमारतों को तत्काल खाली करें। जिनका सहयोग नहीं मिलेगा, उनके विरुद्ध पुलिस की मदद से सख्त कार्रवाई की जाएगी। मानसून के दौरान भूस्खलन, पानी के रिसाव और अन्य दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मनपा की यह कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सुरक्षा के मद्देनजर मनपा का यह कदम शहरवासियों के लिए राहत का संकेत है।

मंत्री विजय शाह के बेतुके बयान पर भिवंडी कोर्ट में शिकायत

- कांग्रेस ने की बर्खास्तगी की मांग

डीबीडी संवाददाता। भिवंडी

मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के विवादित और बेतुके बयान को लेकर अब मामला अदालत तक पहुंच गया है। कांग्रेस की प्रदेश महासचिव रानी अग्रवाल ने भिवंडी कोर्ट में उनके खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। रानी अग्रवाल ने भाजपा नेतृत्व से विजय शाह को मंत्री पद से तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी देने की जिम्मेदारी सेना की महिला अफसर कर्नल सोफिया कुरैशी और व्योमिक सिंह को सौंपी गई थी। लेकिन इस पर मंत्री विजय शाह ने इस्लाम और मुस्लिम महिलाओं को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की, जिसे लेकर देशभर में नाराजगी देखी गई है। रानी अग्रवाल ने बताया कि मंत्री विजय शाह के बयान पर कोर्ट ने गंभीर संज्ञान लिया है और भारतीय सेना की महिला अधिकारी के अपमान को लेकर कड़ी टिप्पणी करते हुए फटकार लगाई है। उन्होंने मांग की है कि आईपीसी की धारा 196 और 197 के तहत विजय शाह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। कांग्रेस महासचिव ने भाजपा नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूरे देश में आलोचना के बावजूद अब तक पार्टी ने मंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। यह सीधे तौर पर सेना के सम्मान और देश के संविधान की गरिमा का उल्लंघन है।

धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप

रानी अग्रवाल ने कहा कि विजय शाह के बयान से देश में धार्मिक और जातिगत तनाव फैलने की आशंका है। यह बयान नफरत, शत्रुता और समाज में विभाजन को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने यह भी कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से ऐसी अपेक्षा नहीं की जाती। संवाददाता सम्मेलन में एडवोकेट फारूक मोमिन, आसिफ आजमी, फिरोज भिवंडीवाला, प्रदेश महिला सचिव रेहाना अंसारी सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

7.64 करोड़ का बैंक धोखाधड़ी

- फर्जी दस्तावेजों से खोले 75 से अधिक खाते

डीबीडी संवाददाता। ठाणे

ठाणे शहर में जालसाजों ने एक व्यक्ति के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर कई बैंकों में फर्जी खाते खोलते हुए 7.64 करोड़ रुपए का धनशोधन किया। पुलिस ने शुक्रवार को इस बड़े घोटाले का खुलासा करते हुए बताया कि मामले में वागले एस्टेट पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने शिकायतकर्ता और अन्य लोगों को चालू खाते खुलवाने के बदले प्रति खाता 5,000 रुपए देने का झांसा दिया था। आरोपी ने वैध व्यवसाय का दिखावा करते हुए भरोसा दिलाया कि इन खातों का उपयोग केवल धन हस्तांतरण के लिए होगा।

फर्जी कंपनियों की आड़ में चल रहा था खेल

बाद में पीड़ित को पता चला कि इन खातों का उपयोग फर्जी कंपनियों की आड़ में अवैध लेन-देन और धनशोधन के लिए किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने अक्टूबर 2023 से मई 2025 के बीच कुल 75 से अधिक फर्जी बैंक खातों के जरिए 7.64 करोड़ रुपए का अवैध लेन-देन किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 61(2) (आपराधिक साजिश), 316(2) (आपराधिक विश्वासघात), 318(4) (धोखाधड़ी) और अन्य प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज किया है। हालांकि, अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच जारी है।

'चेन्नई पैटर्न' के खिलाफ ठाकरे गुट का एल्गार

- सड़कों पर उतरने की चेतावनी

डीबीडी संवाददाता। डोंबिवली

900 रुपए वार्षिक कर को बताया जनविरोधी

कल्याण-डोंबिवली मनपा (K.D.M.C.) में लागू किए गए 'चेन्नई पैटर्न' कचरा संकलन योजना के खिलाफ शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) ने कड़ा विरोध दर्ज किया है। पार्टी की ओर से जिला प्रमुख दिपेश म्हात्रे के नेतृत्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसे जनता से लूट और मनपा की भ्रष्ट नीतियों का प्रतीक बताया गया। दिपेश म्हात्रे ने कहा कि इस नई कर व्यवस्था में नागरिकों पर 600 की बजाय 900 रुपए सालाना कचरा कर थोपा गया है। यह कर सभी पर समान रूप से लगाया गया है, भले ही मकान छोटा हो या बड़ा। उन्होंने कहा कि यह सीधा आर्थिक शोषण है, जिसे जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। शिवसेना नेताओं का आरोप है कि इस योजना में केवल कचरा इकट्ठा किया जाएगा, लेकिन उसका प्रसंस्करण नहीं होगा। शहर में रोजाना 850 टन कचरा निकलता है, लेकिन तीन संयंत्रों की कुल क्षमता सिर्फ 650 टन की है। दुर्गाडी किले के पास वर्षों से जमा 10,000 मीट्रिक टन कचरे का कोई समाधान नहीं निकाला गया है।

ठेकेदार बदलते हैं, काम करने वाले वही रहते हैं

म्हात्रे ने आरोप लगाया कि मनपा में ठेकेदारों के नाम तो बदलते हैं—एंथनी, आरबीएल, अब सुमित, लेकिन काम वही लोग करते हैं और गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हुआ। यह सिर्फ नाम बदलने का खेल है।

शहर की बदहाल हालत पर उठाए सवाल

उन्होंने बताया कि नालियों की सफाई नहीं हो रही, कंक्रीट सड़कें अधूरी हैं, सीवर लाइनें जाम हैं और मानसून से पहले जरूरी काम ठप पड़े हैं। नए ठेकेदारों की नियुक्ति नहीं हुई और प्रशासन निष्क्रिय है। शिवसेना (ठाकरे गुट) ने चेताया कि यदि प्रशासन ने टैक्स वापसी और बुनियादी सुविधाओं पर काम शुरू नहीं किया, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। साथ ही, आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे बढ़े हुए कर का विरोध करें और अपने नागरिक अधिकारों के लिए खड़े हों।

धुलिया गेस्ट हाउस कैश कांड की जांच कमेटी पर हमें भरोसा नहीं: अनिल गोटे

डीबीडी संवाददाता। मुंबई

सरकारी गेस्ट हाउस से मिले 1.84 करोड़ रुपए नकद के मामले में गठित विशेष जांच टीम (SIT) की निष्पक्षता पर शिवसेना (उद्धव) के नेता एवं पूर्व विधायक अनिल गोटे ने गंभीर सवाल उठाए हैं। गोटे ने कहा कि SIT जांच केवल दिखावा है और इसमें उन्हें राज्य सरकार पर कोई भरोसा नहीं है। गोटे ने शुक्रवार को प्रेस से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए भले ही SIT जांच के आदेश दिए हों, लेकिन इससे पहले जयकुमार रावल बैंक घोटाला और अब्दुल करीम तेलगी मामले में भी SIT बनी थी, लेकिन बाद में वह जांच सीबीआई को सौंपनी पड़ी। उन्होंने कहा, 'SIT और धुलिया पुलिस पर हमें भरोसा नहीं है।' गोटे ने राज्य सरकार से मांग की कि इस मामले की जांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारी प्रवीण गेडाम, तुकाराम मुंढे और धुलिया के पूर्व कलेक्टर राहुल रेखावार की निगरानी में स्वतंत्र कमेटी द्वारा की जाए। उन्होंने कहा कि तभी जनता के सामने सच्चाई आ पाएगी।

'5 करोड़ की रिश्वत के लिए जमा की गई थी राशि'

अनिल गोटे ने खुलासा किया कि यह रकम ठेकेदारों द्वारा विधानमंडल की आकलन समिति को घूस देने के लिए जमा की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस भ्रष्टाचार की पोल खोली तो उसके बाद राज्य सरकार ने आनन-फानन में SIT जांच के आदेश दिए, लेकिन यह सिर्फ दिखावे के लिए है। गोटे ने दो टूक कहा, 'SIT जांच समय की बर्बादी है। सरकार अगर वास्तव में इस मामले की पारदर्शी जांच चाहती है, तो उसे स्वतंत्र और ईमानदार अफसरों की कमेटी से जांच करानी चाहिए।'

गिग श्रमिकों के लिए नया कानून बनाने की योजना

ई-कॉमर्स डिलीवरी बॉय समेत सभी गिग श्रमिकों को मिलेगा कानूनी संरक्षण

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर काम करने वाले गिग श्रमिकों के लिए जल्द ही एक विशेष कानून बनाया जाएगा। राज्य के श्रम विभाग के अधिकारी ने बताया कि ई-कॉमर्स कंपनियों में अनुबंध पर काम करने वाले डिलीवरी बॉय और अन्य गिग श्रमिकों के कल्याण, नियमन और सामाजिक सुरक्षा के लिए यह कानून तैयार किया जा रहा है।

कानून का प्रारूप तैयार, अन्य राज्यों के मॉडल का अध्ययन

कर्नाटक, राजस्थान और झारखंड में पहले से लागू गिग श्रमिक कानूनों के आधार पर महाराष्ट्र में भी ऐसा ही कानून बनेगा। इसके लिए ई-कॉमर्स कंपनियों, गिग श्रमिकों के संगठन और एग्रीगेटरों से राय ली जाएगी। कानून के प्रारूप को अंतिम रूप देने के बाद इसे राज्य मंत्रिमंडल में पेश किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगा कानून

अधिकारी ने कहा कि नए कानून के लागू होने से गिग श्रमिकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के मानक लागू होंगे। इसके तहत गिग श्रमिकों का बेहतर नियमन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए फंडिंग व्यवस्था का भी प्रावधान किया जाएगा।

ई-श्रम पोर्टल पर गिग श्रमिकों का पंजीकरण जारी

राज्य में गिग श्रमिकों की संख्या का सही आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, लेकिन लगभग 8 लाख गिग श्रमिक काम कर रहे हैं। इसके लिए केंद्र सरकार के असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए बनाए गए ई-श्रम पोर्टल पर गिग श्रमिकों का पंजीकरण चल रहा है। अभी तक करीब 45 हजार गिग श्रमिकों ने पंजीकरण कराया है। यह पंजीकरण राज्य के श्रम आयुक्त और विकास आयुक्त के माध्यम से एग्रीगेटरों की मदद से हो रहा है।

प्रमुख ऑनलाइन कंपनियों की मौजूदगी

महाराष्ट्र में 321 ऑनलाइन प्लेटफॉर्म कंपनियां पंजीकृत हैं, जिनमें अमेजन, फ्लिपकार्ट, मेक माय ट्रिप, स्विगी, जोमैटो जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। इन कंपनियों का सालाना टर्नओवर लगभग 45 हजार करोड़ रुपये है और यहां लगभग 2 लाख नियमित कर्मचारी कार्यरत हैं।

सलमान की सुरक्षा बढ़ी

गैलेक्सी अपार्टमेंट में पहचान के बाद मिलेगा प्रवेश



मुंबई। अभिनेता सलमान खान की गैलेक्सी अपार्टमेंट में हाल ही में दो अनजान व्यक्तियों के प्रवेश के मामले सामने आने के बाद मुंबई पुलिस सतर्क हो गई है। सुरक्षा को मजबूत करने के लिए नई व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है, जिसके तहत अब किसी भी व्यक्ति को अपार्टमेंट में प्रवेश देने से पहले वहां रहने वाले निवासियों से उसकी पहचान की पुष्टि कराई जाएगी।

नई सुरक्षा व्यवस्था जल्द लागू करने की तैयारी

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह व्यवस्था जल्द लागू की जाएगी ताकि गैलेक्सी अपार्टमेंट में अनजान लोगों के प्रवेश को रोका जा सके। इससे सलमान खान और अन्य निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

मॉडल ने बजाई थी डोर बेल

20 और 21 मई को सलमान की इमारत में दो लोग घुस गए थे, जिनमें से एक महिला मॉडल ईशा छाबरा थी। वह लिफ्ट में सलमान के घर की लॉबी तक पहुंची और वहां डोर बेल भी बजाई थी। इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़ी पहल शुरू की गई है।

तुर्किए को लेकर शिवसेना में आक्रोश

शिवसेना का मुंबई एयरपोर्ट पर जोरदार प्रदर्शन

मुंबई। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को शिवसेना (शिंदे गुट) ने तुर्किए के खिलाफ आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। यह विरोध इंडिगो एयरलाइंस द्वारा तुर्किए से पट्टे पर लिए गए दो बोइंग 777 विमानों और तुर्की स्टाफ की भारत में मौजूदगी को लेकर किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस कदम को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया।

इंडिगो को ज्ञापन और चेतावनी

शिवसेना (शिंदे) का एक प्रतिनिधिमंडल एयरलाइन अधिकारियों से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए चेताया कि यदि 10 दिन में लीज करार रद्द नहीं किया गया, तो राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा। पार्टी ने कहा कि यह मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा है और वह किसी भी हद तक संघर्ष के लिए तैयार हैं।

ड्रोन हमलों से उपजा गुस्सा

विरोध की पृष्ठभूमि में तुर्किए द्वारा पाकिस्तान को ड्रोन मुहैया कराना है, जिनका इस्तेमाल भारत पर हमले के लिए किया गया था। पहलगाम आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत के बाद भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई में ऑपरेशन 'सिंदूर' चलाया था। इसके बाद पाकिस्तान ने तुर्किए निर्मित SONGAR और ASISGUARD ड्रोन का इस्तेमाल कर भारत पर हमला किया, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया।

माता रमाबाई अंबेडकर नगर पुनर्विकास परियोजना

6 इमारतों के निर्माण के लिए निविदा जारी

पहले चरण में 4053 मकानों का होगा निर्माण, लागत 1450 करोड़ रुपए

दीपक पवार | मुंबई

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) ने घाटकोपर स्थित माता रमाबाई अंबेडकर नगर और कामराज नगर पुनर्विकास परियोजना के पहले चरण की निविदा प्रक्रिया शनिवार, 23 मई को शुरू कर दी है। इस चरण में कुल 6 पुनर्वासित 22 मंजिला इमारतों का निर्माण किया जाएगा, जिनमें 4053 घर होंगे। इन घरों की कुल निर्माण लागत लगभग 1450 करोड़ रुपये होगी।

पुनर्विकास की प्रमुख बातें

हर इमारत में दो विंग, और प्रत्येक मंजिल पर 32 घर होंगे। हर घर का आकार 300 वर्ग फीट होगा। निर्माण कार्य 17 एकड़ भूमि पर किया जाएगा, जो पहले ही साफ कर दी गई है। परियोजना के तहत कुल 14,000 झुग्गियों का पुनर्विकास किया जाना है। इनमें से 1,694 घर पूर्वी एक्सप्रेसवे विस्तार के कारण सीधे प्रभावित हैं।

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

2nd Call RFX (E-TENDER) NOTICE

MSETCL invites online bids from reputed and registered contractors of appropriate class with MSETCL. Please visit Mahatransco website https://srmetender.mahatransco.in for following work.

RFx (Tender) No.	Name of work	Estimated cost in Rs.	EMD (Rs.)	Tender fee incl. GST (Rs.)
7000036235	2nd Call for Engaging Skilled / Semi Skilled/ Unskilled Manpower on Outsourcing Basis for HVDC RS (O&M) Circle, Padghe.	INR 93,41,198/- (including taxes)	INR 93,411.98/-	INR 590/-

1	Date of download of RFx (e tender) documents	From- 24.05.2025 from 00.00 hrs. to 03.06.2025 up to 10.00 hrs.
2	Date of submission of RFx (e tender)	03.06.2025 up to 10.00 hrs.
3	Date of technical bid opening	03.06.2025 up to 11.00 hrs. (If possible)
4	Date of commercial bid opening	03.06.2025 up to 13.00 hrs. (If possible)

Contact Person: THE MANAGER (HR), HVDC RS (O&M) Circle, Padghe,
Mob. No: 9833071793
For further details visit our website: https://srmetender.mahatransco.in

Sd/-
Superintending Engineer, HVDC RS O&M Circle, Padghe

मुंबई सेंट्रल-राजकोट और मुंबई सेंट्रल-गांधीधाम के बीच चलेगी सुपरफास्ट तेजस स्पेशल ट्रेनें

पश्चिम रेलवे द्वारा दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के लिए मुंबई सेंट्रल और राजकोट तथा मुंबई सेंट्रल और गांधीधाम के बीच विशेष किराये पर सुपरफास्ट तेजस स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा विशेष किराए पर दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे भी विस्तारित किये गये हैं।

स्पेशल ट्रेनों का विवरण

मुंबई सेंट्रल – राजकोट तेजस सुपरफास्ट द्वि-साप्ताहिक स्पेशल

ट्रेन संख्या 09005 मुंबई सेंट्रल-राजकोट स्पेशल हर बुधवार और शुक्रवार को मुंबई सेंट्रल से 23.20 बजे रवाना होगी और अगले दिन 11.45 बजे राजकोट पहुंचेगी। यह ट्रेन 30 मई से 27 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09006 राजकोट-मुंबई सेंट्रल स्पेशल हर गुरुवार और शनिवार को राजकोट से 18.30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 07.30 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 31 मई से 28 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद, विरमगाम, सुरेंद्रनगर और वांकानेर स्टेशनों पर रुकेगी।

मुंबई सेंट्रल–गांधीधाम तेजस सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल

ट्रेन संख्या 09017 मुंबई सेंट्रल–गांधीधाम स्पेशल प्रत्येक सोमवार को मुंबई सेंट्रल से 23.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.55 बजे गांधीधाम पहुंचेगी। यह ट्रेन 02 जून से 30 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09018 गांधीधाम-मुंबई सेंट्रल स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को गांधीधाम से 18.55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07.30 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 03 जून, 2025 से 01 जुलाई, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद, विरमगाम, सामाख्याली और भचाऊ स्टेशनों पर रुकेगी।

विस्तारित होने वाली ट्रेनें: ट्रेन संख्या 09067 उधना-जयनगर अनारक्षित स्पेशल को 29 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है। ट्रेन संख्या 09068 जयनगर-उधना अनारक्षित स्पेशल को 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है। ट्रेन संख्या 09069 उधना-समस्तीपुर स्पेशल को 28 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है। ट्रेन संख्या 09070 समस्तीपुर-उधना स्पेशल को 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

पश्चिम रेलवे

उन्नत रसायन सेल का प्रावधान

सीनियर डीईई/पी/बीसीटी, **निविदा संख्या: ईएल-81-896-डब्ल्यूए-56 (आर-1), दिनांक 20.05.2025 को आमंत्रित करता है। कार्य और स्थान:** मुंबई डिवीजन - भयंदर, वसई रोड, घोलवड, वलसाड और डोंडाइचा में उन्नत रसायन सेल (एसीसी) बैटरी स्टोरेज सिस्टम का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत:** 1,77,00,000/-, **ईएमडी:** 2,38,500/-, **जमा करने की तिथि और समय:** 23.06.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 23.06.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 0183

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

मरम्मत कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिमी रेलवे छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008. **ई-टेंडर सूचना संख्या: बीसीटी/25-26/58, दिनांक: 19.05.2025 आमंत्रित करता है। कार्य और स्थान:** खार से जोगेश्वरी: खार रोड और जोगेश्वरी के बीच रेलवे कॉलोनियों में संरचनात्मक मरम्मत, प्लास्टरिंग, डाउन-टेक पाइप वृद्धि और बाहरी पेंटिंग के साथ स्टाफ क्वार्टरों का सुधार। **कार्य की अनुमानित लागत:**1,74,41,186.02. **ईएमडी:** 2,37,200/-. **जमा करने की तिथि और समय:** 13.06.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 13.06.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं 0174

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

निविदा के लिए सूचना

विषय: भूस्खलन आपदा समूह ए से समूह बी के लिए मॉनसून अवधि के दौरान ग्रेटर मुंबई के पूर्वी उपनगरों में तैनात एन.डी.आर.एफ. टीम के उपयोग के लिए किराए के आधार पर 1 बस (35 सीटिंग क्षमता) की तैनाती।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का परिवहन विभाग, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) "भूस्खलन आपदा समूह ए से समूह बी के लिए मॉनसून अवधि के दौरान ग्रेटर मुंबई के पूर्वी उपनगरों में तैनात एन.डी.आर.एफ. टीम के उपयोग के लिए किराए के आधार पर 1 बस (35 सीटिंग क्षमता) की तैनाती" के कार्य के लिए योग्य निविदाकर्ता से निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनिवार्य पूर्व-योग्यता मानदंडों के अनुसार ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित करता है।

बोली संख्या 2025-mcGm_1183422 और 2025_MCGM-1183459
बोली आरंभ तिथि और समय 24.05.2025 को 11:00 बजे के बाद है।
बोली समाप्ति तिथि और समय 29.05.2025 को 04:00 बजे तक है।

बोलियाँ महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल (महाटेंडर्स) (http://mahatenders.gov.in) के ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम से डाउनलोड की जा सकती हैं। साथ ही निविदा की प्रति BMC के पोर्टल http://portal.mcgm.gov.in से "ई-प्रोक्योरमेंट" अनुभाग के अंतर्गत डाउनलोड की जा सकती है।

कृपया ध्यान दें कि बोली दस्तावेज़ डाक द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किया जाएगा। अब से, इस निविदा के बारे में सभी शुल्क, नोटिस, अपडेट, संशोधन, शुद्धिपत्र, आगे के विवरण आदि केवल महाटेंडर पोर्टल पर पोस्ट किए जाएंगे।

हस्ता/-
पीआरओ/ 505/विज्ञा./2025-26 — उप मुख्य अभियंता(एसडब्ल्यूएम) परिवहन

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीमा शुल्क विभाग को दिया झटका

जब्त सोने के रिफंड विवाद में आदेश रद्द, नई सुनवाई का निर्देश

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने सीमा शुल्क विभाग के कस्टम्स ऑर्डर को रद्द कर दिया है, जिसमें याचिकाकर्ता को जब्त सोने के 41 लाख रुपए की बजाय केवल डेढ़ लाख रुपए का रिफंड दिया गया था। न्यायमूर्ति बी.पी. कोलाबावाला और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की पीठ ने मामले की नई सिरे से सुनवाई करने का निर्देश दिया है।



याचिका में जब्त सोने की बिक्री पर विवाद

याचिका में आरोप लगाया गया कि सीमा शुल्क विभाग ने याचिकाकर्ता के जब्त सोने को बिना सूचना दिए बेच दिया। याचिकाकर्ता शब्बीर अहमद कुरैशी ने 41 लाख 47 हजार रुपए के रिफंड का दावा किया था, लेकिन विभाग ने केवल 1 लाख 50 हजार रुपए रिफंड किए। इससे पहले सीमा शुल्क न्यायाधिकरण ने 19 लाख 69 हजार रुपए रिफंड करने का आदेश दिया था।

पूर्व के फैसलों का हवाला देते हुए दलील

याचिकाकर्ता के वकील प्रकाश शिंगरानी ने 'लेयला महमूदी बनाम अतिरिक्त सीमा शुल्क आयुक्त' मामले का उल्लेख किया, जिसमें कोर्ट ने कहा था कि बिना उचित सूचना के जब्त किए गए सोने के आभूषणों का एकतरफा निपटान अधिकारों का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि विभाग ने उन्हें जवाब देने का मौका नहीं दिया।

सूचना की वैधता पर सवाल

याचिकाकर्ता ने सोने की बिक्री से संबंधित कोई नोटिस प्राप्त करने से इनकार किया, जबकि सीमा शुल्क ने फरवरी 2019 और 2020 में नोटिस जारी करने का दावा किया। अदालत ने नोटिसों के लिए कोई पावती या आधिकारिक आदेश नहीं पाए जाने पर सवाल उठाए।

अधिसूचना

टीएडीके के बदले में अटेंडेंट की नियुक्ति का अनुबंध

जगजीवन राम अस्पताल (जेआरएच), मुंबई सेंट्रल, मुंबई, पश्चिमी रेलवे इच्छुक पार्टियों से **निविदा सूचना संख्या: एमडी-जेआरएच-टीएडीके-14, दिनांक: 13.05.2025 के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है। कार्य का नाम:** जेआरएच अधिकारियों के लिए 02 वर्षों के लिए टीएडीके के बदले में अटेंडेंट की नियुक्ति का अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागत:** 1,24,99,200/- (सभी शामिल)। **ईएमडी:** 25,000/-। **पूरा होने की अवधि:** 24 महीने। **समापन तिथि और समय:** 09.06.2025 को 15:00 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in

0179

हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें twitter.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

सामग्री प्रबंधन विभाग

विभिन्न सामग्री आपूर्ति

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या एस/30/2025, दिनांक: 19.05.2025

क्र.सं.	वस्तु का संक्षिप्त विवरण	मात्रा	टी.ओ.डी.
242	ड्रा और बफ गियर के लिए रबर स्प्रिंग प्लेट	11009 संख्या	16-जून-25
243	ब्रेक शू कंपलीट	30481 संख्या	16-जून-25
244	पानी रहित मूत्रालयों की आपूर्ति और स्थापना	30 संख्या	18-जून-25
245	टैप चेंजर के लिए IOH रखरखाव किट	37 सेट	19-जून-25
246	नीचे दी गई सूची के अनुसार स्पेयर के साथ हाइड्रोलिक री-रेलिंग उपकरण	11 सेट 21 संख्या	23-जून-25
247	लाइट डीजल ऑयल	120 लीटर	23-जून-25
248	ट्रैक्शन मोटर के लिए ब्लोअर	96 सेट	24-जून-25
249	8.5 में 1, 60Kg क्रॉसिंग भाग के लिए 6 मिमी मोटी नायलॉन कॉर्ड GRSP	530 सेट	24-जून-25
250	BMBC कोच के लिए ब्रेक गियर बुश	86587 संख्या	27-जून-25

शुद्धिकरण

कृपया निविदा सूचना संख्या: S-27-2025, दिनांक: 08.05.2025, क्रमांक 219 के लिए "वाइडर प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट स्लीपर" के रूप में विवरण पढ़ें

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in पर जाएँ

0172

हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें X.com/WesternRly

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

ACME/587/जनरल/AEM-II दिनांक 22.05.2025

ई-स्पॉट कोटेशन नोटिस

विभाग	सहायक अभियंता (मेंटेन-II) "एम/ईस्ट" वार्ड
विषय	बकरीद के दौरान पे एंड पार्क सुविधा का संचालन - सायन पनवेल हाईवे पर 202 ऑक्ट्रॉय नाका, एम/ईस्ट वार्ड 400043
निविदा दस्तावेज प्राप्त करने की आरंभ तिथि और समय	23/05/2025 प्रातः 10.30 बजे
निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि और समय	27/05/2025 प्रातः 11.00 बजे
कोटेशन खुलने की तिथि	27/05/2023 प्रातः 11.30 बजे
ईएमडी राशि	रु 23,600.00/-
अनुबंध की समय अवधि	27.05.2025 से 10.06.2025
कोटेशन फॉर्म शुल्क/जांच शुल्क	रु. 429/-सीजीएसटी और एसजीएसटी सहित
वेबसाइट	http://portal.mcgm.gov.in
संपर्क अधिकारी का नाम और नंबर	श्री संतोष मेथर, सहायक अभियंता (मेंटेन-I) एम/ईस्ट वार्ड मोबाइल नंबर 9619081122 श्री. सचिन पाटिल, एस.ई. (मेंटेनेंस) मोबाइल नं.9702352107
ईमेल आईडी	aemaint01.meast@mcgm.gov.in

sd/-22.05.2025
पीआरओ/ 502/विज्ञा./2025-26 — वार्ड कार्यकारी अभियंता (मेंटेनेंस) 'एम/ईस्ट'

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

संपादकीय

निर्ममता और नादानी

कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम हत्या की हृदयविदारक घटना उद्वेलित करने वाली है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली घटना है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती आक्रामकता और संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। बताते हैं हत्या में शामिल युवक गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। इस बाबत प्रकाशित खबरों के अनुसार मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह हृदयविदारक है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख पैदा हुआ है। बहरहाल, किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारी परिवार संस्था बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रही है ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? उन्हें क्यों लगता है कि किसी लड़की को छेड़ा जाना चाहिए? क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष तिरोहित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला क्रूर ढंग से गला काटना हो सकता है?दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। आम तौर पर फिल्मों में हीरो हिरोइन से छेड़खानी करता और उसे परेशान करता नजर आता था। बाद में फिल्म की पटकथा में नायिका उसी हीरो के आगे समर्पण करती नजर आती थी। फिर फिल्म की पटकथा इस छेड़खानी को प्रेम कथा और विवाह में तब्दील कर देती है। कालांतर समाज के किशोरवय और युवाओं में यह संदेश गया कि निजी जीवन में यही छेड़खानी उनकी प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। फिर बची-खुची कसर हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीन व क्रूर-कथाओं ने पूरी कर दी। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता भर दी कि समाज में इसे न्यू नॉर्मल मानने की सोच पैदा हुई। कहीं न कहीं पारिवारिक संस्था व शिक्षा व्यवस्था इस सोच को खारिज करने में चूकी है। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। कोरोना संकट के दौरान ऑनलाइन कक्षाओं की अपरिहार्यता ने विद्यार्थियों को मोबाइल उपयोग की स्वच्छंदा दी। आज उन्हें प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं। शायद शीर्ष अदालत की तल्ख टिप्पणी से हमारे सत्ताधीशों की आंख खुले।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत विश्व के शक्तिशाली देश में शुमार

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के जवाबी हमले से पाकिस्तान के 9 एयरबेस की तबाही और लगभग 100 दुर्दांत आतंकवादी मारे जाने के बाद भारत की छवि विश्व में एक दमदार शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है। अब भारत से कई देश से अस्त्र-शस्त्र की खरीदी के लिए कतार में खड़े होते दिखाई दिए हैं । भारत ने जिस तरह ब्रह्मोस मिसाइल और s400 से चीनी तथा टर्किए के 500 से ज्यादा ड्रोन तथा मिसाइल को हवा में ही ध्वस्त किया है वह अपने आप में एक वैश्विक मिसाल है। इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मध्यस्तता का श्रेय लेने की कोशिश में लगे हुए थे किंतु भारत के कठोर रुख के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपना बयान बदलकर यू टर्न लेना पड़ा जिससे भारत की छवि और बेहतर हो गई है। भारत ने कूटनीतिक पहलकर पाकिस्तान की आतंकवादी छवि को स्पष्ट करने के लिए लगभग 60 सांसदों को विभिन्न देशों में भेज कर पारदर्शिता का एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है। भारत विश्व में अब एक बड़ी राजनीतिक,आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बन कर उभरा है। भारत में वर्तमान में अपनी वैश्विक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुगुना किया है। विदेशों में भारत की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर बनाने के लिए कूटनीति आर्थिक व्यापारिक समझौते तथा पाकिस्तान को युद्ध में बुरी तरह परास्त करने के बाद एक बड़ी सामरिक शक्ति बनकर उभरने के अलावा इस समय बहुत बड़ा योगदान भारत के हर क्षेत्र के डिजिटलाइजेशन का भी ज्यादा रहा है। भारत में डिजिटलाइजेशन के नए आयामों को छुआ है और विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका भी निभा रहा है। इसमें दो मत नही कि वर्तमान के प्रधानमंत्री का बड़ा योगदान और ऊर्जावान,दमदार वैश्विक नेता के रूप में भूमिका रही है । पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति में खुलापन तथा विदेशी निवेशकों को भारत में आमंत्रित किया है उससे इसमें बड़े परिवर्तन की संभावनाओं इजाफा किया है। भारत विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। कई वर्षों से ब्रिटिश उपनिवेश में रहने और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी, भुखमरी ,बेरोजगारी जैसे बड़े रुकावटी कारकों का से जिस तरह डटकर मुकाबला कर उस से निजात पाने का प्रयास किया है वह अत्यंत उल्लेखनीय है। कोरोना कल में भारत ने अभूतपूर्व तरीके से स्वदेशी दवाइयां का एवं अन्य उपकरणों का निर्माण कर करके एक रिकॉर्ड भी बनाया है और इस पहल के परिणाम स्वरूप भारत में करोन पर प्रभावी नियंत्रण पानी में सफलता पाई थी। इसके अलावा भारत में ऐसे संक्रमण काल में स्वदेशी निर्मित मेडिकल इंजेक्शन दवाईयां तथा उपकरणों को भी विदेशी देशों को मदद पहुंचाई थी। स्वतंत्रता मिलने के पश्चात भारत में नियोजन की नीति अपनाई तथा वर्ष 1951 में प्रारंभ पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सराहनीय प्रगति की है। वर्ष 1951 से लेकर अब तक 12 पंचवर्षीय योजनाएं क्रियान्वित की जा चुकी है। वर्ष 2015 में राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान की स्थापना की गई जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा

में सहयोग कर रहा है वैश्विक स्तर पर भारत की खेती 1990 के पश्चात निरंतर बढ़ रही है। इस दिशा में 1990 के दशक में भारत सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली उदारीकरण निजीकरण तथा वैश्वीकरण की नीति का महत्वपूर्ण योगदान भी माना जा रहा है। उक्त समय में भारत की दशा अत्यंत दयनीय थी इसके अतिरिक्त मुद्रास्फीति बेरोजगारी जैसी स्थित ने विकराल रूप धारण कर लिया था, किंतु विकास की नीति को अपनाने के पश्चात से भारत ने इन परिस्थितियों से निपटने के साथ ही आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या के उपयोग कर विश्व पटल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है भारत की विशाल जनसंख्या को आर्थिक सफलता के मजबूत स्तंभ कहा जा सकता है। भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या का उपयोग कर उत्पादन को कई गुना बढ़ाया है। आज की स्थिति में भारत को एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में देखा जा सकता है और इसे तथाकथित भावी विश्व शक्ति चीन का सबसे ताकतवर प्रतिनिधि तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का भावी सदस्य के रूप में भी देखा जा रहा है। भारत में समय के अनुसार अपनी नीतियों तथा विकास के प्रति मानको में परिवर्तन कर निरंतर आर्थिक विकास की दर को प्राप्त करते हुए अधिकांश विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति की है। वास्तव में वर्तमान समय में भारत के ऐतिहासिक बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिससे विश्व के सभी देश किसी न किसी रूप से जुड़कर प्रभावित भी हुए हैं। 1974 उल्लेखनीय रहा है क्योंकि भारत ने पोखरण में पहला परमाणु परीक्षण किया गया इसका विरोध विश्व के तमाम विकसित देशों ने बहुत जोरदार ढंग से किया भारत को काफी मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा था। वर्ष 2008 में हमारे देश और अमेरिका रूस फ्रांस ब्रिटेन तथा चीन को छोड़कर पी5 के सभी सदस्य देशों के मध्य हुए असैन्य परमाणु समझौता से यह स्पष्ट हो गया था कि अब वैश्विक पटल पर भारत की अनदेखी नहीं की जा सकती है । 2009 में भारत के प्रधानमंत्री का अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने कार्यालय में राजकीय अतिथि के रूप में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री का स्वागत करके कहा कि भारत अब एक परमाणु शक्ति संपन्न देश बन चुका है। यह भारत के छठे परमाणु संपन्न राष्ट्र के तौर पर मिली औपचारिक मान्यता ही थी भारत यात्रा पर आए बराक ओबामा ने कहा कि भारत अब उभरती हुई परमाणु शक्ति ही नहीं है, वह स्थापित परमाणु शक्ति बन चुका है। भारत की जनसंख्या को देखते हुए भारत की क्रय शक्ति की क्षमता के मामले में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी दूरसंचार के क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है। भारत अब विश्व में एक महत्वपूर्ण वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित होने की ओर अग्रसर है। भारत में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में अत्यधिक ख्याति प्राप्त की है, जिससे अमेरिकी विश्लेषकों के मन में भय पैदा हो गया है। भारतीय औद्योगिक घराने अंतर्राष्ट्रीय कारोबारी कंपनियों को खरीद कर दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी समूह बन गए हैं। भारतीय मूल के विदेशी उद्योगपतियों ने भारत के बाहर रहकर भी भारत की प्रसिद्धि में वृद्धि की है। इन उद्योगपतियों में इंदिरा नूई, अरुण सरीन, सबीर भाटिया, विनोद घोसला का नाम विशेष रूप से लिया जा सकता है। 2018 में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा विश्व आर्थिक मंच में चार दिवसीय बैठक का उद्घाटन किया जाना भारत की बढ़ती विश्व ख्याति को प्रतिबिंबित करता है। भारत इस दशक के अंत तक निसंदेह विकसित देशों के समूह में शामिल हो जाएगा और भारत की वैश्विक ख्याति में चारों तरफ वृद्धि होने की पूरी संभावना है।

जीवन मंत्र

स्वयं को खोजो, क्योंकि यही तुम्हारा असली ख़ज़ाना है

आत्म-खोज की यह प्रक्रिया हमें सिखाती है कि हम स्वयं के प्रति जितने सजग और ईमानदार होंगे, हमारा जीवन उतना ही सुंदर और समृद्ध होगा।

जब हम "स्वयं को खोजने" की बात करते हैं, तो इसका आशय केवल आत्ममंथन या ध्यान करने से नहीं है, बल्कि यह जीवन के प्रत्येक अनुभव से सीखने, अपने भीतर झाँकने और अपने हर भाव-क्रिया को गहराई से समझने की प्रक्रिया है। हर चुनौती, हर असफलता और हर संबंध हमें स्वयं के किसी अनछुए पहलू से परिचित करवाते हैं। हम अक्सर अपने विचारों और भावनाओं को नियंत्रित करने की कोशिश करते हैं, परंतु जब हम उन्हें बिना किसी न्याय के केवल देखना शुरू करते हैं, तो वे धीरे-धीरे हमारे भीतर की सच्चाई को प्रकट करने लगते हैं। आत्म-खोज की इस प्रक्रिया में हमें यह भी महसूस होता है कि हमारा सुख या दुख बाहरी दुनिया पर निर्भर नहीं करता, बल्कि इस बात पर निर्भर करता है कि हम अपने भीतर के साथ कितना सच्चा संवाद कर पा रहे हैं। इस यात्रा में मौन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब हम थोड़ी देर के लिए बाहरी शोर से हटकर अपने अंदर के मौन की ओर मुड़ते हैं, तो वही मौन हमें स्वयं से जोड़ने लगता है। यह मौन केवल शब्दों

की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि आत्मा की गहराई से उठती हुई शांति की अनुभूति है। यही वह क्षण होता है जब हम अपने 'असली ख़ज़ाने' के पहले दर्शन करते हैं जो है आत्म-स्वरूप, आत्म-प्रेम, और पूर्णता की अनुभूति। यह ख़ज़ाना किसी बैंक में नहीं रखा जा सकता, इसे खरीदा नहीं जा सकता, और न ही किसी और से प्राप्त किया जा सकता है। यह तो पहले से ही हमारे भीतर है बस हम उससे अनजान हैं। हमारे समाज में सफलता को बाहरी मानकों से आंका जाता है अच्छा करियर, बड़ा घर, प्रतिष्ठा, आदि। लेकिन जिन लोगों ने वास्तव में जीवन के सार को समझा है, वे जानते हैं कि इन सबका कोई स्थायी महत्व नहीं है यदि आप स्वयं को नहीं जानते। आत्म-खोज की यह प्रक्रिया हमें सिखाती है कि हम स्वयं के प्रति जितने सजग और ईमानदार होंगे, हमारा जीवन उतना ही सुंदर और समृद्ध होगा। यही सच्चा विकास है जो केवल पेशेवर या भौतिक स्तर पर नहीं, बल्कि आत्मा के स्तर पर होता है। अंततः, यह यात्रा अंत नहीं बल्कि एक सतत प्रक्रिया है। और यही जुड़ाव जीवन का सबसे मूल्यवान ख़ज़ाना है। जो नष्ट नहीं हो सकता, न चुराया जा सकता है, और न ही समय के साथ समाप्त होता है। यही वह सत्य है जो अंततः हमें पूर्णता की अनुभूति कराता है।

शख्सियत | बछेंद्री पाल

माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला

बछेंद्री पाल (जन्म 24 मई 1954), माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला है। सन 1984 में इन्होंने माउंट एवरेस्ट फतह किया था। वे एवरेस्ट की ऊंचाई को छूने वाली दुनिया की पाँचवीं महिला पर्वतारोही हैं। वर्तमान में वे इस्पात कंपनी टाटा स्टील में कार्यरत हैं, जहां वह चुने हुए लोगो को रोमांचक अभियानों का प्रशिक्षण देती हैं।

बछेंद्री पाल का जन्म नाकुरी उत्तरकाशी, उत्तराखंड में सन् 1954 को हुआ। खेतिहर परिवार में जन्मी बछेंद्री ने बी.एड. तक की पढ़ाई पूरी की। मेधावी और प्रतिभाशाली होने के बावजूद उन्हें कोई अच्छा रोज़गार नहीं मिला। जो मिला वह अस्थायी, जूनियर स्तर का था और वेतन भी बहुत कम था। इस से बछेंद्री को निराशा हुई और उन्होंने नौकरी करने के बजाय 'नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग' कोर्स के लिये आवेदन कर दिया। यहाँ से बछेंद्री के जीवन को नई राह मिली। 1982 में एडवांस कैम्प के तौर पर उन्होंने गंगोत्री (6,672 मीटर) और रूदुगैरा (5,819) की चढ़ाई को पूरा किया। इस कैम्प में बछेंद्री को ब्रिगेडियर ज्ञान सिंह ने बतौर इंस्ट्रक्टर पहली नौकरी दी। हालांकि पेशेवर पर्वतारोही का पेशा अपनाने की वजह से उन्हे परिवार और रिश्तेदारों के विरोध का सामना भी करना पड़ा।

बछेंद्री पाल के लिए पर्वतारोहण का पहला अवसर 12 साल की उम्र में आया, जब उन्होंने अपने स्कूल की सहपाठियों के साथ 400 मीटर की चढ़ाई की। 1984 में भारत का चौथा एवरेस्ट अभियान शुरू हुआ। इस अभियान में जो टीम बनी, उस में बछेंद्री समेत 7 महिलाओं और 11 पुरुषों को शामिल किया गया था। इस टीम के द्वारा 23 मई 1984 को अपराह्न 1 बजकर सात मिनट पर 29,028 फुट (8,848 मीटर) की ऊंचाई पर 'सागरमाथा (एवरेस्ट)' पर भारत का झंडा लहराया गया। इस के साथ एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक क़दम रखने वाले वे दुनिया की 5वीं महिला बनीं।भारतीय अभियान दल के सदस्य के रूप में माउंट एवरेस्ट पर आरोहण के कुछ ही समय बाद उन्होंने इस शिखर पर महिलाओं की एक टीम के अभियान का सफल नेतृत्व किया। उन्होने 1994 में गंगा नदी में हरिद्वार से कलकत्ता तक 2,500 किमी लंबे नौका अभियान का नेतृत्व किया। हिमालय के गलियारे में भूटान, नेपाल, लेह और सियाचिन ग्लेशियर से होते हुए काराकोरम पर्वत शृंखला पर समाप्त होने वाला 4,000 किमी लंबा अभियान उनके द्वारा पूरा किया गया, जिसे इस दुर्गम क्षेत्र में प्रथम महिला अभियान का प्रयास कहा जाता है।

सम्मान/पुरस्कार

भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन से पर्वतारोहण में उत्कृष्टता के लिए स्वर्ण पदक (1984)। पद्मश्री(1984) से सम्मानित।
उत्तर प्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा स्वर्ण पदक (1985)।
अर्जुन पुरस्कार (1986) भारत सरकार द्वारा।
कोलकाता लेडीज स्टडी ग्रुप अवार्ड (1986)।
गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स (1990) में सूचीबद्ध। नेशनल एडवेंचर अवार्ड भारत सरकार के द्वारा (1994)।

जीवन ऊर्जा

बिली गिलमैन : जन्म 24 मई, 1988 — जन्म

विलियम वेंडेल गिलमैन (जन्म 24 मई, 1988), जिन्हें पेशेवर रूप से बिली गिलमैन के नाम से जाना जाता है , एक अमेरिकी कंट्री म्यूजिक गायक हैं। एक युवा कंट्री आर्टिस्ट के रूप में शुरुआत करते हुए, उन्हें उनके डेब्यू सिंगल ₹ वन वॉयस ₹ के लिए जाना जाता है, जो बिलबोर्ड हॉट 100 पर शीर्ष 40 हिट और 2000 में बिलबोर्ड हॉट कंट्री सॉन्ग्स चार्ट पर शीर्ष 20 हिट रहा । उन्होंने पाँच एल्बम रिलीज़ किए हैं, जिनमें एपिक नैशविले के लिए तीन शामिल हैं। 2016 में, गिलमैन ने द वॉयस के यूएस संस्करण के सीज़न 11 के लिए ऑडिशन दिया और टीम एडम लेविन के हिस्से के रूप में प्रतिस्पर्धा की , सीज़न के लिए रनर-अप के रूप में समाप्त हुआ।

आदर सभी का करो डरो किसी से नहीं

यह कहावत एक गहरी और संतुलित जीवन-दृष्टि को प्रकट करती है। इसमें दो महत्वपूर्ण जीवन-मूल्य समाहित हैं: सम्मान और निर्भयता। एक ओर यह कहता है कि हमें हर व्यक्ति का आदर करना चाहिए, चाहे वह उम्र, पद, जाति, धर्म या सामाजिक स्थिति में किसी भी स्थान पर क्यों न हो। दूसरी ओर यह प्रेरित करता है कि किसी से भी भयभीत नहीं होना चाहिए, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो। इस संतुलन से ही एक सशक्त, विनम्र और चरित्रवान व्यक्तित्व का निर्माण होता है।आदर करना केवल एक सामाजिक औपचारिकता नहीं है, यह मानवता का आधार है। जब हम दूसरों का सम्मान करते हैं, तो हम उनके अस्तित्व और उनकी गरिमा को

स्वीकार करते हैं। यह आदर केवल बड़ों या ऊँचे पद वालों तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह हर इंसान के लिए होना चाहिए चाहे वह सफाई कर्मचारी हो या सीईओ। यही भावना समाज को सौहार्दपूर्ण बनाती है और आपसी विश्वास को गहरा करती है। सम्मान देने से हमारा अहंकार कम होता है और हम अधिक सहृदय बनते हैं। लेकिन साथ ही, डरो किसी से नहीं₹ का भाव यह सिखाता है कि सम्मान का अर्थ दासता नहीं है। हमें किसी के सामने झुकना नहीं चाहिए केवल इसलिए कि वह शक्तिशाली है या ऊँचे पद पर है। डर एक मानसिक बेड़ी है, जो हमारी सोच, बोलने और कार्य करने की स्वतंत्रता को छीन लेती है। यदि हम सत्य, न्याय और अपने आत्मबल पर विश्वास रखते हैं, तो किसी भी अन्याय या अत्याचार के विरुद्ध निडर होकर खड़े हो सकते हैं। यह निर्भयता ही हमें सही के पक्ष में खड़े रहने की ताकत देती है। यह दृष्टिकोण एक ऐसे समाज का निर्माण करता है जहाँ न तो घमंड है, न ही डर; जहाँ सम्मान आपसी संबंधों का मूल है, और साहस व्यक्तिगत स्वतंत्रता का आधार।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

कलियुग के लिए नामजप सर्वोत्तम साधना है

प्रत्येक युग की साधना निश्चित है, जैसे सत्ययुग के लिए ज्ञानयोग, त्रेतायुग के लिए ध्यानयोग, द्वापरयुग के लिए यज्ञ, कर्मकांड, पूजा-अर्चना; कलियुग के लिए नामजप। कलियुग में भगवान की प्राप्ति का सबसे सरल किंतु प्रबल साधन नामजप ही बताया गया है। श्रीमद्भागवत का कथन है यद्यपि कलियुग दोषों का भंडार है,

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

तथापि इसमें एक बहुत बड़ा सद्गुण यह है कि सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुगपहले के इन युगों में भगवान के ध्यान द्वारा, यज्ञ-अनुष्ठान के द्वारा तथा पूजा-अर्चना से जो फल मिलता था वह पुण्यफल कलियुग में केवल श्रीहरि के नाम संकीर्तन से ही प्राप्त हो जाता है। कृष्ण जुर्वेदी यिसंतरणोपनिषद में लिखा है कि द्वापरयुग के अंत में जब देवर्षि नारद ने ब्रह्माजी से कलियुग में कलि के प्रभाव से मुक्त होने का उपाय पूछा, तब सृष्टिकर्ता ने कहा आदिपुरुष भगवान नारायण के नामोच्चारण से मनुष्य कलियुग के दोषों को नष्ट कर सकता है। भगवान चैतन्य महाप्रभु ने कहा है कि कलियुग में केवल हरिनाम ही हमारा उद्धार कर सकता है। यही बात नानक देव जी ने भी कही है "नानक दुखिया सब संसार, ओही सुखिया जो नामाधार।" रामचरितमानस

में भी यही लिखा हैकलियुग केवल नाम आधारा, सुमिरि-सुमिरि नर उतरहीं पारा॥ ध्यानयोग के अनुसार ध्यान करने के लिए आज शहरों के रजतमात्मक वातावरण में शांत तथा प्रसन्न वातावरण उपलब्ध होना कठिन है। आज टीवी, मोबाइल तथा लैपटॉप आदि साधनों से आधा घंटा भी दूर रहना संभव नहीं होता है। ऐसी स्थिति में घंटों ध्यान-साधना और आगे समाधि की स्थिति कैसे अनुभव कर सकते हैं? एक ही स्थान पर एकांत में लंबे समय तक बैठने की आज मनुष्य में क्षमता नहीं है। ध्यान के अभ्यास के प्रारंभ में मन की जो स्थिरता आवश्यक होती है, वह आज संभव नहीं है। मन सतत विचारों से ग्रस्त रहता है। अच्छे ध्यान के लिए सदाचार, सद्विचार, यम-नियम और सात्विक भोजन का पालन करना भी आज कठिन है। यद्यपि किसी एक मनुष्य को, उसके पिछले जन्म के ध्यानयोगानुसार साधना के संस्कारों के कारण ध्यान संभव होगा, तो भी यह साधना आज के युग में सभी के लिए संभव नहीं है। इस कारण शास्त्रों के आधार पर हमें हमारा साधना मार्ग सुनिश्चित करना आवश्यक है। हिन्दू धर्म की विशेषता है कि ऋषि-मुनियों ने मानवजाति के कल्याण हेतु शास्त्रों में युगानुसार हमें कौन सी साधना करनी चाहिएयह स्वयं लिखकर रखा है। हमें मात्र उनके बताए गए ज्ञान का उपयोग कर आचरण करना है। इस कारण हम अपने मनानुसार साधना करने की अपेक्षा धर्मशास्त्र के अनुसार साधना करें, तो निश्चित ही हमें अधिक लाभ हो सकता है।

अपने विचार

मोदी जी ,खोखले भाषण देना बंद कीजिए। सिर्फ इतना बताइए कि आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया? ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुर्बानी क्यों दी और आपका खून सिर्फ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है?

-**राहुल गांधी** ,नेता, विपक्ष

सरकार ऐसा (ऐसा नक्शा प्रकाशित करना) नहीं कर सकती, लेकिन लोग ऐसा कर सकते हैं। यदि बांग्लादेश पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में 'चिकन नेक' गलियारे पर हमला करता है, तो भारत उसके दो संकरे भूभाग पर जवाबी हमला करेगा।

-**हेमंत विस्वा शर्मा,** सीएम, असम

ये लोग नमक हराम हैं। देश का खाते हैं और दूसरे का गुण गाते हैं। नेहरू परिवार को गुलामी के शासन में रहने की आदत लग गई है। नेहरू का परिवार दूसरे देश के लोगों का ज्यादा समर्थक बन जाता है। देश बेनकाब करेगा ऐसे नेताओं को, जो खाते हैं हिन्दुस्तान का, गुणगान पाकिस्तान और चीन का करते हैं।

-**दिलीप जायसवाल,**भाजपा अध्यक्ष,बिहार

उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि उसका जन्म कैसे हुआ है और उसके निर्माण में भारत के सीमा सुरक्षा बल (**BSF**) की क्या भूमिका थी। पड़ोसी देश 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान उसके निर्माण में बीएसएफ की बड़ी भूमिका को नजरअंदाज न करे।

-**अमित शाह** ,गृहमंत्री, भारत सरकार

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : **indiagroundreport@gmail.com** **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

ब्रीफ न्यूज़

भायंदर से बोरीवली के बीच जंबो ब्लॉक

मुंबई। पटरियों, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु शनिवार/रविवार की मध्यरात्रि अर्थात 24/25 मई, 2025 को भायंदर और बोरीवली स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइनों पर 23:30 से 03:00 बजे तक तथा डाउन फास्ट लाइनों पर 01:15 से 04:45 बजे तक 03:30 घंटे का जंबो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान विरार/वसई रोड और बोरीवली स्टेशनों के बीच सभी फास्ट लाइन की ट्रेनें अप स्लो लाइनों पर चलाई जाएंगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के कार्यालय में उपलब्ध है। ब्लॉक के कारण कुछ लोकल ट्रेनें निरस्त रहेंगी।

भारी बारिश की संभावना के बीच महावितरण 'हाई अलर्ट' पर

मुंबई। अरब सागर में कम दबाव का क्षेत्र बनने से महाराष्ट्र के कई इलाकों में अगले तीन से चार दिनों तक तेज हवाओं और भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है। इस कारण महावितरण ने पूरी तैयारी के लिए हाई अलर्ट जारी कर दिया है। मानसून के दौरान बिजली आपूर्ति में व्यवधान न हो, इसके लिए आपातकालीन प्रबंधन योजना सक्रिय कर दी गई है।

महावितरण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMD) लोकेश चंद्र ने शुक्रवार को राज्य की बिजली व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण विद्युत सेवा बाधित होने पर उसे तुरंत बहाल करना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए मुख्यालय और जिला स्तर पर 24x7 आपातकालीन कंट्रोल रूम शुरू कर दिए गए हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में निदेशक (संचालन) सचिन तालेवार और राज्य के वरिष्ठ अभियंता मौजूद थे। लोकेश चंद्र ने स्पष्ट किया कि बिजली कटौती की स्थिति में मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए। यदि किसी क्षेत्र में मरम्मत में समय लगे, तो प्रभावित ग्राहकों को एसएमएस, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से तुरंत सूचित किया जाएगा। बिजली कटौती की अवधि पर मुख्यालय नजर रखेगा और समय पर बहाली नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

आग बुझाने के दौरान दमकलकर्मी घायल

मुंबई। मध्य मुंबई के वर्ली स्थित गांधी नगर इलाके की एक दुकान में शुक्रवार तड़के आग लग गई, जिसे बुझाने के प्रयास में एक दमकलकर्मी घायल हो गया। इस संबंध की जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि दुकान में आग सुबह करीब चार बजकर 45 मिनट पर लगी। आग से दुकान में बिजली की वायरिंग, उपकरण, सामान, स्टेशनरी, कपड़े, कंप्यूटर और एक बाइक जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया।

56 कुर्बानी केंद्र, 96 पशु चिकित्सक और सफाई के लिए बड़ा बंदोबस्त

बकरीद को लेकर भिवंडी मनपा सतर्क

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

आगामी बकरी ईद (7 से 9 जून 2025) को देखते हुए भिवंडी मनपा प्रशासन ने त्योहार को शांतिपूर्ण और स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। मनपा आयुक्त अनमोल सागर की अध्यक्षता में आयोजित एक अहम बैठक में सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस, पशु चिकित्सा और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

तीन दिन नहीं होगा कचरा संग्रहण, नागरिकों से सहयोग की अपील

सफाई के लिए विशेष इंतजाम

कुर्बानी के बाद स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए 200 टेम्पो, 25 पानी के टैंकर, 14 जेसीबी, 11 जीप और 3 क्रेन की व्यवस्था की गई है। आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि सफाई कार्य वार्डवार नियोजन से हो और प्रत्येक टेम्पो को जिम्मेदारी सौंप दी जाए। पशु अपशिष्टों के लिए बनाए गए गड्ढों में नियमित रूप से औषधि का छिड़काव किया जाएगा।

कुर्बानी के लिए 56 अस्थायी केंद्र

आयुक्त ने जानकारी दी कि इस वर्ष भी 56 अस्थायी कुर्बानी केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों पर कुर्बानी से पहले जानवरों की जांच के लिए 96 पशु चिकित्सकों की टीम 6 जून से काम पर लगाई जाएगी। प्रत्येक केंद्र पर जानवरों की सेहत की जांच की जाएगी ताकि कोई संक्रमित पशु कुर्बानी के लिए न आए।

साफ-सुथरी और सौहार्दपूर्ण बकरीद ईद की अपील

अंत में आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि बकरी ईद का पर्व शांति, स्वच्छता और सामूहिक सहयोग के साथ संपन्न हो, यही उद्देश्य है। उन्होंने नागरिकों से उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार प्रशासन को सहयोग देने की अपील की और भरोसा जताया कि इस बार भी भिवंडी मिसाल पेश करेगा।

कानून-व्यवस्था और समन्वय

बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त सचिन सांगले ने बताया कि पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैयारी पूरी कर ली है। जल्द ही मौलाना और कसाई संगठनों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की जाएगी ताकि किसी प्रकार की अफरा-तफरी न हो।

तीन दिन बंद रहेगा कचरा संग्रहण

आयुक्त अनमोल सागर ने बताया कि बकरी ईद के तीन दिनों (7, 8 और 9 जून) तक शहर में कचरा संग्रहण का कार्य नहीं होगा। नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने घरों का कचरा खुद इकट्ठा करें और निर्धारित समय पर घंटागाड़ी में ही डालें ताकि दुर्गंध, गंदगी और बीमारियों से बचाव हो सके।

26 मई को कांग्रेस का 'रास्ता रोको' प्रदर्शन

भिवंडी। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यावरण विंग के अध्यक्ष समीर सुभाष वर्तक ने भिवंडी कॉमन रोड की जर्जर और खतरनाक स्थिति के विरोध में 26 मई 2025 को "रास्ता रोको" आंदोलन की घोषणा की है। इस सड़क की बदतर हालत को लेकर कांग्रेस ने प्रशासन और सरकार पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। वरिष्ठ कांग्रेस सदस्य और समाजसेवी परवेज खान (पीके) ने बताया कि भिवंडी कॉमन रोड की स्थिति बेहद दयनीय है, जिससे रोजाना गुजरने वाले हजारों मालवाहक और पैसेंजर वाहन खतरे में हैं। उन्होंने कहा कि यह सड़क कई हादसों का कारण बन चुकी है, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। सड़क की खराब स्थिति के कारण खासकर बरसात के मौसम में यह और अधिक खतरनाक हो जाती है। वर्तक ने कहा कि यात्रियों की जान जोखिम में है, लेकिन प्रशासन

की चुप्पी चिंता जनक है। समीर वर्तक ने साफ कहा कि 26 मई को "रास्ता रोको" आंदोलन शुरू किया जाएगा ताकि सरकार और संबंधित विभाग इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो जनआक्रोश और तेज होगा, और इसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी। इस विरोध आंदोलन से पहले वरिष्ठ कांग्रेस सदस्य परवेज खान ने मीडिया को इस समस्या से अवगत कराया। परवेज खान अपने सहयोगियों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं के साथ प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे, जिसमें अम्मार भाई, अशरफ भाई, नौशाद भाई सहित कई अन्य नेता भी शामिल थे।

मनपा आयुक्त सौरभ राव ने घोडबंदर रोड के चल रहे कार्य का किया निरीक्षण

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

मनपा आयुक्त सौरभ राव ने मंगलवार को ठाणे की घोडबंदर रोड और आसपास के क्षेत्रों में चल रहे विकास व सड़क मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी शेष कार्य 30 मई तक युद्धस्तर पर पूरे किए जाएं, ताकि मानसून के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

30 मई तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश

जल निकासी लाइन और पुलिया की सफाई पर जोर

घोड़बंदर रोड पर पानी भराव की समस्या को ध्यान में रखते हुए आयुक्त ने जल निकासी लाइन और पुलिया की साफ-सफाई का काम 30 मई तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि पुरानी ड्रेनेज लाइन को नई लाइन से जोड़ने का काम भी तेज़ी से जारी है।

सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश

आयुक्त राव ने कहा कि 24 अप्रैल को दिए गए निर्देशों के तहत अधिकतर काम अंतिम चरण में हैं, लेकिन कुछ शेष कार्यों को लेकर उन्होंने मनपा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, एमएमआरडीए, मेट्रो और बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कोई भी काम लंबित न रहे।

यातायात के लिए सुचारू योजना

मानसून के बाद जिन स्थलों पर कार्य शेष रहेगा, वहां सूचना बोर्ड लगाने और वैकल्पिक ट्रैफिक प्लान की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, कपूरबावड़ी जंक्शन, सेवा रोड और गायमुख घाट के क्षेत्रों का दौरा कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

कासारवडवली फ्लाईओवर 5 जून तक होगा तैयार

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कासरवडावली फ्लाईओवर का जायजा भी लिया और एमएमआरडीए को 5 जून तक इसका शेष काम पूरा करने के निर्देश दिए। फ्लाईओवर के चालू होने से घोड़बंदर रोड पर ट्रैफिक लोड कम होगा और नागरिकों को राहत मिलेगी। आयुक्त राव ने कहा कि वे मानसून पूर्व तैयारियों की खुद निगरानी कर रहे हैं और हर विभाग को यह सुनिश्चित करना होगा कि समय पर और गुणवत्तापूर्ण कार्य हो।

आईआरसीटीसी के मुंबई कार्यालय से किफायती अंतर्राष्ट्रीय टूर पैकेज लॉन्च

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (IRCTC) के पश्चिमी क्षेत्रीय मुंबई कार्यालय ने आम लोगों की विदेश यात्रा की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आकर्षक और जेब पर हल्के अंतर्राष्ट्रीय टूर पैकेजों की घोषणा की है। IRCTC के ये टूर पैकेज मध्यम वर्गीय परिवारों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं, जो कम खर्च में बेहतरीन अनुभव देने का दावा करते हैं।

लंदन, श्रीलंका, बाली और नेपाल की सैर अब मिडिल क्लास के लिए भी संभव

लंदन, श्रीलंका, बाली और नेपाल के लिए पैकेज

IRCTC के समूह महाप्रबंधक (पश्चिमी क्षेत्र) गौरव झा ने बताया कि इन अंतर्राष्ट्रीय पैकेजों में यात्रा का हर खर्च शामिल है – फ्लाइट टिकट, होटल, भोजन, वीजा, गाइड, बीमा और टैक्स।

प्रतिस्पर्धी मूल्य पर शानदार सेवा का वादा

झा ने कहा कि ये पैकेज बाजार में मौजूद अन्य अंतर्राष्ट्रीय टूर विकल्पों की तुलना में अधिक किफायती हैं और ग्राहकों को उच्च स्तरीय सेवा और बेहतर वैल्यू फॉर मनी प्रदान करते हैं। इन टूर पैकेजों के लिए पहले से ही बाजार में काफी रुचि देखी जा रही है।

फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व के आधार पर ऑनलाइन बुकिंग

प्रमुख पैकेज

ऑल इनक्लूसिव यूरोप टूर (लंदन): 26 जून से 10 जुलाई 2025
श्री रामायण यात्रा – श्रीलंका: 16 जून से 22 जून 2025
अद्भुत बाली: 14 जुलाई से 19 जुलाई 2025
रहस्यमय नेपाल: 12 अगस्त और 17 अगस्त 2025

झा के अनुसार, ये सभी पैकेज IRCTC की वेबसाइट www.irctctourism.com पर ऑनलाइन बुकिंग के लिए उपलब्ध हैं। बुकिंग "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर की जा सकती है। इच्छुक यात्री अधिक जानकारी के लिए IRCTC से सीधे 8287931886 पर संपर्क कर सकते हैं।

कुर्बानी केंद्रों की सफाई, पानी संकट और नाला सफाई की मांग

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

आगामी बकरीद त्योहार को देखते हुए भिवंडी में नागरिक समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को शहर जिला अध्यक्ष शोएब गुड्डू के नेतृत्व में मनपा आयुक्त से मिला और उन्हें एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। शोएब गुड्डू ने आयुक्त के समक्ष प्रमुखता से बताया कि बकरीद मुस्लिम समाज का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, और इस मौके पर शहर के सभी अस्थायी कुर्बानी केंद्रों पर सफाई, जल आपूर्ति और सड़क मरम्मत जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं अनिवार्य हैं। उन्होंने मांग की कि कुर्बानी केंद्रों तक जाने वाली सड़कों की डामरीकरण कराई जाए और प्रत्येक सेंटर पर पेयजल सुविधा सुनिश्चित की जाए।

भिवंडी मनपा की मानसून से निपटने की तैयारियां तेज

27 बाढ़ संभावित स्थानों की पहचान, अधिकारियों को अवकाश पर रोक

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

आगामी मानसून को देखते हुए भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका सतर्क हो गई है। आयुक्त एवं प्रशासक अनमोल सागर की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मानसून के दौरान संभावित आपदाओं से निपटने की व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई।

धोकादायक इमारतों और बाढ़ग्रस्त इलाकों की समीक्षा

बैठक में शहर की जर्जर इमारतों, 27 बाढ़ संभावित क्षेत्रों, नाले सफाई, जलभराव और विद्युत करंट की आशंका जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि संभावित खतरे के क्षेत्रों के नागरिकों को स्कूल या समाज भवनों जैसे सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने की वैकल्पिक व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करें।

आपदा प्रबंधन के लिए सभी विभाग 24x7 अलर्ट पर

आयुक्त ने सभी विभागों को 24x7 अलर्ट मोड पर रहने और किसी भी अधिकारी को आगामी चार महीनों तक अवकाश पर न जाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस विभाग को मानसून के दौरान यातायात नियंत्रण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टोरेंट कंपनी को बिजली कटौती की आपात व्यवस्था तैयार रखने को कहा गया है। अग्निशमन विभाग को बोट और उपकरणों सहित पूरी तैयारी के साथ तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग को मानसूनजनित रोगों की रोकथाम के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करने को कहा गया है। वृक्षों की छंटाई और बिजली लाइनों को बाधित करने वाली शाखाओं को काटने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। जनसंपर्क विभाग को नागरिकों के बीच आपदा के समय की सावधानियों, आवश्यक दिशा-निर्देशों और हेल्पलाइन नंबरों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है।

आरईसी ने भांडुप मंडल में मल्टी स्टेकहोल्डर वर्कशॉप आयोजित की

ठाणे। आरईसी लिमिटेड ने महावितरण के भांडुप परिमंडल में एक महत्वपूर्ण मल्टी स्टेकहोल्डर वर्कशॉप का आयोजन किया, जिसमें महाराष्ट्र की विभिन्न बिजली वितरण कंपनियों, औद्योगिक-वाणिज्यिक ग्राहकों और औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य 'बी-रेडी' सर्वेक्षण को लेकर संवाद स्थापित करना था, जो वैश्विक स्तर पर 180 अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार और निवेश माहौल का आकलन करता है।

'बी-रेडी' सर्वेक्षण पर हुआ संवाद, बिजली सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर जोर

बिजली सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर फोकस

कार्यक्रम में आरईसी ने 'बी-रेडी' सर्वेक्षण के 10 प्रमुख मापदंडों पर जानकारी दी और बताया कि बिजली क्षेत्र इसमें किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आरईसी के अनुराग सिन्हा ने तीन प्रमुख स्तंभ—बिजली नियामक ढांचे की सुविधा, सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता, तथा सेवा प्रावधान की दक्षता—पर आधारित विस्तृत प्रस्तुति दी।

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा।

वृष धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी।

मिथुन शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से क्लेश होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें।

कर्क प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

सिंह भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी। नौकरी में मनोनुकूल स्थिति बनेगी।

कन्या शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

तुला शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है।

वृश्चिक पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है।

धनु किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। राजभय रहेगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। सही काम का भी विरोध हो सकता है।

मकर कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में लापरवाही न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

कुंभ मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है या समय पर नहीं मिलेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

मीन बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। निवेश शुभ रहेगा।

क्या आपके ग्रह और भाव बताते हैं आपकी नौकरी या व्यापार की दिशा?

जानिए किस ग्रह और भाव से कौन सा करियर जुड़ा है!

1. इंजीनियर – मंगल, शनि, दशम और पंचम भाव
उपायः वायव्य कोण (NW) में नीले रंग का उपयोग करें। रोज़ हनुमान चालीसा पढ़ें।

2. डॉक्टर – मंगल, शनि, अष्टम व दशम भाव
उपायः दक्षिण दिशा में लाल वस्त्र रखें। घर में तुलसी का पौधा लगाएँ।

3. वकील – मंगल, गुरु, शनि, बुध, सप्तम भाव
उपायः दक्षिण-पश्चिम (SW) में पीले रंग का प्रयोग करें। बृहस्पतिवार को दान करें।

4. प्रोफेसर/शिक्षक – गुरु, बुध, पंचम व दशम भाव
उपायः ईशान कोण (NE) को साफ-सुथरा रखें और पूजा स्थल रखें।

5. पत्रकार/लेखक – बुध, शुक्र, तृतीय, चतुर्थ व पंचम भाव
उपायः पश्चिम दिशा में सफेद/क्रीम रंग का प्रयोग करें। रोज़ लेखन करें।

6. रिसर्चर – शनि, बुध, केतु, अष्टम व लग्न भाव

प्रियंका जैन
9769994439

उपायः उत्तर दिशा में सफेद और नीले रंग का संयोजन रखें। शनि से संबंधित वस्तु का दान करें।

7. बैंकिंग – बुध, गुरु, द्वितीय व एकादश भाव
उपायः उत्तर-पूर्व में मनी प्लांट लगाएँ। रोज़ माँ लक्ष्मी की आरती करें।

8. आर्किटेक्ट/कंप्यूटर – बुध, शनि, पंचम भाव
उपायः दक्षिण-पश्चिम (SW) में लकड़ी से बनी वास्तु आकृति रखें।

9. पायलट/डिटेक्टिव/साइंटिस्ट – राहु, शनि, मंगल, नवम, अष्टम, दशम भाव
उपायः छत या कार्य स्थान पर नीला रंग रखें। शनिवार को काले तिल का दान करें।

10. प्रधानमंत्री / प्रशासनिक सेवा – सूर्य, गुरु, दशम, नवम भाव
उपायः पूर्व दिशा में सूरज की पहली किरण आने दें। रोज़ सूर्य अर्घ्य दें।

विशेषः अशुभ ग्रह योग (शनि, राहु, केतु)

अगर ये ग्रह तृतीय, अष्टम या द्वादश भाव में अशुभ योग बनाते हैं, तो जीवन में संघर्ष बढ़ सकता है।

उपायः
शनि शांति के लिए पीपल के वृक्ष की सेवा करें
राहु के लिए नारियल बहाएं
केतु के लिए काले कुत्ते को रोटी खिलाएं।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

न्यूज़ ब्रीफ

यूपी पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर फेरबदल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग फेरबदल का क्रम जारी है। शुक्रवार को भी बड़े पैमाने पर पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। नवीनतम जारी आदेशों में 27 उपाधीक्षकों का तबादला किया गया है। इससे एक पहले गुरुवार को 25 पीपीएस अधिकारियों को तबादला किया गया था।

रेलवे ने आजाद नगर में तोड़े अवैध निर्माण

प्रयागराज। दिल्ली-हावड़ा रेलखंड पर प्रयागराज से पीडीडीयू के बीच तीसरी लाइन बिछाने के लिए रेलवे की जमीन पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाया जाने लगा है। गुरुवार को रेलवे ने साउथ मलाका के आजाद नगर में बैकहो लोडर (जेसीबी) से ट्रैक किनारे बने छह अवैध निर्माण को ध्वस्त कर कराया। इस कार्रवाई से मोहल्ले में खलबली मच गई और स्थानीय लोग अपने सामान समेटने में जुट रहे।

सिपाही का संदिग्ध हालात में मिला शव

उन्नाव। माखी क्षेत्र में रसूलाबाद माखी रऊ मार्ग पर एक खाली पड़े मकान के पास खेत में बहराइच जिले में तैनात सिपाही का शव संदिग्ध हालात में शुक्रवार सुबह पड़ा मिला। दिवंगत का चेहरा खून से सना था, पेट पर खरोंच के निशान मिलें हैं और पीठ काली पड़ी थी। स्वजन के अनुसार सिपाही 17 मई को बहराइच से डाक लेकर लखनऊ आया था। वहां से घर आ गया था। गुरुवार को गांव के किसी साथी के साथ कानपुर दवा लेने गया था। वहा से लौटने के बाद पिता से फोन पर बात की थी। लेकिन रात में घर नहीं पहुंचा। पुलिस मुंह के बल गिरने से आई चोट और अधिक रक्त स्राव के कारण मौत होना मान रही है। स्वजन ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है जो रात सिपाही के साथ देखे गए हैं।

बच्चे की दिनदहाड़े गला रेतकर हत्या

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जुगीदारू गांव के बांधाटोला में आपसी रंजिश में 12 वर्षीय बच्चे की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गयी। मृतक अर्जुन बानसिंह जुगीदारू गांव निवासी सिकुर बानसिंह का बेटा था। घटना गुरुवार दिन के करीब 3 बजे की बतायी जा रही है। देर शाम घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और घटना स्थल से शव उठाकर सदर अस्पताल लायी। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी चंद्रमोहन बानसिंह को गिरफ्तार का लिया है।

फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर ठगी, तीन गिरफ्तार

पटना। खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर लोगों से ठगी और मौका मिलने पर पिस्टल दिखाकर लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरोह पुलिस के निशाने पर तब आया, जब हाल ही में एसके पुरी थाना क्षेत्र में एक युवक से पिस्टल दिखाकर लूटपाट की घटना सामने आई। एसके पुरी थाने की पुलिस ने इनके पास से दो बाइक बरामद की है, जिस पर पुलिस का स्टीकर लगा हुआ है। दो पिस्टल, एक कट्टा, सेना की वर्दी नेम प्लेट सहित, सीबीआई का नकली परिचय पत्र और ब्लैंक चेक भी बरामद किया गया है।

एशिया के सबसे पुराने रेल कारखाने का होगा कायाकल्प

एजेंसी | पटना

देश और एशिया के सबसे पुराने जमालपुर रेल कारखाने ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक पल देखा, जब 17 साल बाद कोई रेल मंत्री वहां पहुंचे। इससे पहले लालू यादव वहां जाकर निरीक्षण किए थे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव विशेष ट्रेन से पटना से रवाना होकर जैसे ही जमालपुर स्टेशन पहुंचे, स्टेशन परिसर में ढोल-नगाड़ों और भारत माता की जय के नारों से उनका जोरदार स्वागत हुआ। उनके स्वागत के लिए स्थानीय नेता, कार्यकर्ता और आम लोग सुबह से ही स्टेशन पर जुटे थे।

17 साल बाद पहुंचा कोई रेल मंत्री

अत्याधुनिक वैगन पीओएच स्थल की आधारशिला भी रखी

इस मौके पर रेल मंत्री ने 78 196 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक वैगन पीओएच (Periodical Overhauling) स्थल की आधारशिला भी रखी। इस केंद्र के बनने से जमालपुर कारखाने की क्षमता में बड़ा इजाफा होगा और हर महीने 545 से 800 वैगनों की मरम्मत की जा सकेगी। यह रेलवे के मालवाहन ढांचे को और मजबूत करेगा।

जमालपुर रेलवे स्टेशन का भी किया दौरा

निरीक्षण के दौरान रेल मंत्री ने वर्कशॉप में इस्तेमाल हो रही आधुनिक तकनीकों का जायजा लिया और अधिकारियों से उत्पादन और मरम्मत प्रक्रिया की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने जमालपुर रेलवे स्टेशन का भी दौरा किया और यात्री सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने साफ-सफाई, पीने के पानी, वेटिंग एरिया और डिजिटल डिस्प्ले सिस्टम की व्यवस्था पर संतोष जताया। रेल मंत्री की यह यात्रा न केवल जमालपुर के लिए एक गौरव का क्षण रही, बल्कि इससे इस ऐतिहासिक रेल कारखाने के पुनर्जीवन की उम्मीद भी जगी है। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों में ऊर्जा का नया संचार हुआ है और सभी को उम्मीद है कि आने वाले समय में जमालपुर फिर से रेलवे के नक्शे पर और मजबूती से उभरेगा।

रेल मंत्री ने खुद क्रेन पर चढ़कर मशीनों का किया निरीक्षण

करीब 5 मिनट के संक्षिप्त ठहराव के बाद रेल मंत्री अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ जमालपुर रेल कारखाने के लिए रवाना हो गए। उनके साथ बिहार के कई बड़े नेता जैसे डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, ललन सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कारखाने में पहुंचते ही रेल मंत्री ने खुद क्रेन पर चढ़कर मशीनों और वर्कशॉप्स का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों से भी बातचीत की और उनकी कार्यशैली की सराहना की।

रामनयन पटेल होंगे अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव

लखनऊ : अपना दल (एस) ने संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा की है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर अवध नरेश वर्मा को राष्ट्रीय महासचिव के पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है। उन्हें अब पार्टी की सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। उनके स्थान पर बस्ती जिले के रामनयन पटेल को राष्ट्रीय महासचिव का दायित्व सौंपा गया है। यह निर्णय पार्टी के भविष्य के रणनीतिक लक्ष्यों को ध्यान में रखकर लिया गया है। अवध नरेश वर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय महासचिव के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी संगठनात्मक क्षमता और समर्पण ने पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद की। अब सलाहकार समिति में उनकी भूमिका से

पार्टी को उनके अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ मिलेगा। पार्टी नेतृत्व ने उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी है। रामनयन पटेल को राष्ट्रीय महासचिव के रूप में नियुक्त किया जाना पार्टी के लिए एक नई शुरुआत का संकेत है।

पटना में जल्द चलेगी वाटर मेट्रो

गंगा नदी में दौड़ेगी लेटेस्ट इलेक्ट्रिक बोट, सर्वे का काम पूरा

एजेंसी | पटना

पटना में गंगा नदी में वाटर मेट्रो चलाने की तैयारी हो रही है। वाटर मेट्रो नदी में चलने वाली एक तरह की इलेक्ट्रिक बोट होगी। इसमें यात्रियों को सभी तरह की आधुनिक सुविधाएं मिलती हैं। इस प्रोजेक्ट के तहत पटना में गंगा नदी के किनारे आधुनिक वाटर मेट्रो स्टेशन बनेंगे। एनआइटी स्टेशन पर पटना मेट्रो को जोड़ा जायेगा। केरल से कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड के अधिकारी पिछले दिनों पटना आए थे। उन्होंने गंगा और गंडक नदी में वाटर मेट्रो के लिए सर्वे किया। टीम ने पटना के दानापुर, दीघा, बिदुपुर, गायघाट के अलावा सोनपुर और हाजीपुर का भी दौरा किया। एक वाटर मेट्रो बोट में 100 लोगों के बैठने और खड़े रहने की क्षमता होगी।

सीधा संपर्क होगा स्थापित

केरल के कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड की एक विशेषज्ञ टीम ने हाल ही में पटना का दौरा किया और गंगा एवं गंडक नदियों में वाटर मेट्रो सेवा शुरू करने को लेकर संभावनाओं का सर्वेक्षण किया। इस दौरान टीम ने पटना के प्रमुख इलाकों जैसे दानापुर, दीघा, बिदुपुर, गायघाट और साथ ही सोनपुर व हाजीपुर में भी स्थल निरीक्षण किया। इन इलाकों में वाटर मेट्रो स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा जो आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे और यात्री यहां से आसानी से बोट में चढ़ और उतर सकेंगे। साथ ही, एनआईटी घाट पर पटना मेट्रो को इस सेवा से जोड़ा जाएगा जिससे जल और मेट्रो परिवहन के बीच सीधा संपर्क स्थापित हो सकेगा।

ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति

इस सेवा में इस्तेमाल होने वाली बोटें पूरी तरह से इलेक्ट्रिक होंगी, जिससे प्रदूषण मुक्त परिवहन सुनिश्चित होगा। एक बोट में लगभग 100 यात्रियों के बैठने और खड़े होकर सफर करने की व्यवस्था होगी, जिससे अधिक संख्या में लोगों को एक साथ यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। वाटर मेट्रो परियोजना के शुरू होने से पटना में ट्रैफिक जाम की समस्या में काफी कमी आने की उम्मीद है, साथ ही यह राज्य के पर्यटन क्षेत्र को भी एक नया आयाम दे सकती है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार चलता है तो आने वाले कुछ वर्षों में गंगा नदी पर यह परियोजना एक नया परिवहन मॉडल पेश करेगी।

कटिहार की मिट्टी से बंगाल में बन रहे मकान

बिहार के बदले बंगाल में भरा जा रहा टैक्स

एजेंसी | कटिहार

बिहार की चोरी की गई मिट्टी से बंगाल में भवन मकान बन रहे हैं। कटिहार व पश्चिम बंगाल के बार्डर पर ईंट कारोबारी बिहार के क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन कर बंगाल पहुंचाया जा रहा हैं। मतलब बिहार में राजस्व की चोरी हो रही और बंगाल में टैक्स वसूला जा रहा है। बताया जाता हैं कि बिहार-बंगाल बार्डर के समीप अवैध रूप से मिट्टी खनन का कारोबार काफी तेजी से फल-फूल रहा है। कटिहार की मिट्टी का अवैध खनन कर पश्चिम बंगाल की ईंट भट्टों में अधिक दर पर भेजा जा रहा है।इस संबंध में पत्रकरों से बात करते हुए जिला खनन पदाधिकारी आकांक्षा प्रियदर्शी कहा कि अगर अवैध रूप से मिट्टी खनन हो रहा हैं, तो कार्रवाई कर जुर्माना वसूला जाएगा। अवैध मिट्टी खनन पर अभियान चलाकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही हैं।

चेकपोस्ट के रास्ते दिन में भी जा रही है मिट्टी

बंगाल से सटे प्राणपुर व रोशना थाना क्षेत्र से बड़े पैमाने पर रात के अंधेरे में एक्सकेवेटर से मिट्टी का खनन कर हाइवा, ट्रक व ट्रैक्टर से सीमा पर कराकर इसे बंगाल तक भेजा जा रहा हैं। महानंदा नदी किनारे सरकारी जमीन से बिना खनन विभाग की अनुमति के मिट्टी का खनन किया जा रहा है। खनन माफियाओं पर नकेल कसने में खनन विभाग, स्थानीय पुलिस के साथ साथ जिला प्रशासन भी सफल नहीं हो रहा हैं। लाभा के समीप चेकपोस्ट भी हैं। दिन हो या रात चेकपोस्ट होकर मिट्टी लदे वाहन आसानी से पार हो रहे हैं। बताया जाता हैं कि पूर्व में सिर्फ ट्रैक्टर से चोरी छुपे मिट्टी की चोरी की जाती हैं, अब रात-दिन ट्रैक्टर समेत ट्राली, ट्रक से मिट्टी बिहार से बंगाल पहुंचाई जा रही है। अमदाबाद, प्राणपुर, रोशना, आजमनगर, बलरामपुर आदि प्रखंड में बड़े पैमाने पर मिट्टी की कटाई की जा रही है। अमदाबाद के चौकिया पहाड़पुर के समीप अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर बंगाल के ईंट भट्ठों तक भेजा जा रहा है। अन्य स्थानों पर मिट्टी का खनन कर स्थानीय बाजारों में बेची जाती है। बलरामपुर प्रखंड के शरीफनगर, महिशाल, लुत्तीपुर, किरोरा, बिजौल, भिमियाल में अवैध मिट्टी का कारोबार तेजी से फलफूल रहा है।

रांची का ट्रैवल एजेंट निकला आईएसआई का जासूस

स्पेशल सेल की टीम ने किया गिरफ्तार

रांची। रांची के डोरंडा इलाके के एक युवक को आईएसआई का एजेंट होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'आईएसआई ' के स्लीपर नेटवर्क से जुड़े दो एजेंटों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी नेपाल का रहनेवाला अंसारुल मियां अंसारी है। जबकि दूसरा झारखंड की राजधानी रांची का रहनेवाला अखलाक आजम है। बताया जा रहा है कि अखलाक डोरंडा की रहमत कॉलोनी में रहता है और ट्रैवल एजेंट का काम करता था। फिलहाल, दोनों एजेंटों को गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेज दिया गया है।

आईएसआई के नेटवर्क का खुलासा



बता दें कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सेंट्रल एजेंसियों के साथ मिलकर साल 2025 जनवरी से लेकर मार्च तक एक अभियान चलाया था। इसी दौरान सेल के सामने 'आईएसआई' के नेटवर्क का खुलासा हुआ था। स्पेशल सेल की टीम ने पाकिस्तान जाने की तैयारी में जुटे अंसारुल मियां अंसारी को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से सेना से जुड़े कई दस्तावेज बरामद किये थे। अंसारुल ने पूछताछ में अखालक का जिक्र किया था। इसी के आधार पर अखलाक आजम की गिरफ्तारी हुई।

कतर में हुई थी आईएसआई हैंडलर से मुलाकात

वहीं, आईएसआई एजेंट अंसारुल ने पूछताछ में सुरक्षा एजेंसियों को बताया कि वह पहले कतर में कैब ड्राइवर का काम करता था। वहीं उसकी मुलाकात 'आईएसआई ' के एक हैंडलर से हुई थी। जिसके बाद उसे पाकिस्तान ले जाकर 'आईएसआई' के सीनियर अधिकारियों ने प्रशिक्षण दिया। उसके बाद उसे पाकिस्तान से उसे नेपाल के रास्ते दिल्ली भेजा गया था, ताकि वह दिल्ली समेत देश के किसी भी इलाके में आईएसआई की साजिश को अंजाम दे सके। साथ ही आईएसआई ने अंसारुल को भारतीय सेना से जुड़े महत्वपूर्ण और गोपनीय दस्तावेज तैयार कर एक सीडी में डाल कर पाकिस्तान भेजने की जिम्मेदारी दी थी।

व्यापार जगत

अमेरिका में कमाए पैसे भारत भेजने पर 3.5% टैक्स लगेगा

- 'वन बिग, ब्यूटीफुल बिल एक्ट' पारित
- यूएस को सालाना करीब 8 हजार करोड़ मिलेंगे

एजेंसी | वॉशिंगटन

अमेरिका में काम कर रहे भारतीयों को अब अपने देश पैसे भेजने पर अतिरिक्त बोझ झेलना पड़ेगा। 22 मई को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने 'वन बिग, ब्यूटीफुल बिल एक्ट' पारित किया, जिसके तहत फॉरेन वर्कर्स द्वारा अपने देश पैसे भेजने पर 3.5% टैक्स लगाया जाएगा। पहले यह प्रस्तावित दर 5% थी, लेकिन संशोधन के बाद इसे घटाकर 3.5% कर दिया गया।

क्या है इस बिल का मकसद?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस नीति को मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (MAGA) अभियान का हिस्सा बताया है। उनका दावा है कि इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और घरेलू संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा।

भारत पर क्या पड़ेगा असर?

2023-24 में भारतीयों का रेमिटेंस लगभग 130 बिलियन डॉलर था। इसमें करीब 30 बिलियन डॉलर यानी 23.4% अमेरिका से आया। 45 लाख भारतीयों ने अमेरिका से ये पैसा भेजा। 3.5% टैक्स के लागू होने पर 30 बिलियन डॉलर के रेमिटेंस पर 1.05 बिलियन डॉलर यानी, करीब 8,750 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा। ये भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेगा।

केंद्र को मिलेगा 2.68 लाख करोड़ रुपये का अधिशेष

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने वित्तीय अनुशासन और सरकार की वित्तीय स्थिति को मजबूती देने के तहत बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र सरकार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2.68 लाख करोड़ रुपये का अधिशेष (लाभांश) हस्तांतरित करने की मंजूरी दे दी है। यह अब तक का सबसे बड़ा अधिशेष हस्तांतरण है, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 2.1 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 27.4% अधिक है। इस बड़े ट्रांसफर से केंद्र सरकार को चालू वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटा घटाकर 4.4% तक लाने में सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022-23 में यह लाभांश केवल 87,416 करोड़ रुपये था। यह निर्णय RBI के

केंद्रीय निदेशक मंडल की 616वीं बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता गवर्नर शक्तिकांत दास (आपके मूल में "संजय मल्होत्रा" लिखा गया है, जबकि RBI के मौजूदा गवर्नर शक्तिकांत दास हैं) ने की। बैठक में वैश्विक और घरेलू आर्थिक हालात, भविष्य के जोखिमों और मौद्रिक नीतियों की समीक्षा की गई। RBI ने बैठक में यह भी निर्णय लिया कि (CRB) को मौजूदा 6.5% से बढ़ाकर 7.5% किया जाएगा।

न्यूज़ ब्रीफ

रिलायंस समूह पूर्वोत्तर राज्यों में 75 हजार करोड़ का करेगा निवेश : मुकेश अंबानी

एजेंसी | नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को कहा कि उनका समूह पूर्वोत्तर राज्यों में 350 बायोगैस संयंत्र की स्थापना, अपनी दूरसंचार सेवाओं, खुदरा कारोबार एवं स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार पर 75 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगा।मुकेश अंबानी ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि रिलायंस जियो पूर्वोत्तर राज्यों के सभी स्कूलों, अस्पतालों, उद्यमों और घरों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जोड़ेगा। उन्होंने बताया कि जियो ने पहले ही क्षेत्र की 90 फीसदी आबादी को कवर कर लिया है, जिसमें 5 मिलियन से अधिक 5-जी ग्राहक हैं, जबकि इस साल इस संख्या को दोगुना करने का लक्ष्य है।

मामाअर्थ का शेयर एक दिन में 20% चढ़ा

5 दिन में 27% रिटर्न दिया

एजेंसी | मुंबई

मामाअर्थ की पेरेंट कंपनी होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के शेयर में शुक्रवार, 23 मई को 20% की तेजी रही। ये एक दिन में 55 रुपए चढ़कर 330.19 रुपए पर पहुंच गया। शेयर में यह बढ़त कंपनी के मजबूत तिमाही नतीजों की वजह से हुई। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में होनासा को 25 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। सालाना आधार यह 18% कम हुआ है। हालांकि कंपनी का ऑपरेशनल रेवेन्यू 13% बढ़कर 534 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल की समान तिमाही में यह 471 करोड़ रुपए था।

5 दिन में 23% चढ़ा होनासा कंज्यूमर का शेयर

कंपनी का ग्रॉस प्रॉफिट मार्जिन Q4FY25 में 70.7% बढ़ा है। EBITDA यानी अर्निंग बिफोर इंटरेस्ट टैक्स डेप्रिसिएशन एंड अमॉर्टाइजेशन पिछले साल के मुकाबले 18% गिरकर 27 करोड़ रुपए रहा। Q4FY24 में कंपनी ने 33 करोड़ रुपए का EBITDA जनरेट किया था। EBITDA मार्जिन भी 7% से गिरकर 5.1% रही है।

Q4FY25 ग्रॉस प्रॉफिट मार्जिन Q4FY25 में 70.7% बढ़ा

कंपनी का ग्रॉस प्रॉफिट मार्जिन Q4FY25 में 70.7% बढ़ा है। EBITDA यानी अर्निंग बिफोर इंटरेस्ट टैक्स डेप्रिसिएशन एंड अमॉर्टाइजेशन पिछले साल के मुकाबले 18% गिरकर 27 करोड़ रुपए रहा। Q4FY24 में कंपनी ने 33 करोड़ रुपए का EBITDA जनरेट किया था। EBITDA मार्जिन भी 7% से गिरकर 5.1% रही है।

फ्लाइट के टेक ऑफ-लैंडिंग के वक्त बंद रहेंगी खिड़कियां

- फोटोग्राफी और वीडियो बनाना बैन
- देश के 4 डिफेंस एयरपोर्ट पर नियम लागू

एजेंसी | नई दिल्ली

देश की रक्षा क्षेत्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने अहम कदम उठाया है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) ने आदेश जारी किया है कि डिफेंस एयरफील्ड से उड़ान भरने और वहां लैंड करने वाली फ्लाइट्स में टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान खिड़कियां बंद रखनी होंगी। इसके अलावा पैसेंजर्स के लिए फोटो खींचना और वीडियो बनाना भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।

चार डिफेंस एयरपोर्ट्स पर लागू होगा आदेश

यह आदेश उन चार डिफेंस एयरपोर्ट्स पर लागू होगा जहां से कॉमर्शियल फ्लाइट्स भी ऑपरेट होती हैं अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर और जैसलमेर। DGCA ने एयरलाइंस, हेलिकॉप्टर और चार्टर्ड फ्लाइट ऑपरेटर्स को निर्देश दिया है कि टेकऑफ के दौरान जब तक विमान 10,000 फीट की ऊंचाई तक न पहुंच जाए और लैंडिंग के समय नीचे न आ जाए, तब तक सभी खिड़कियां बंद रहनी चाहिए।

रक्षा मंत्रालय की सिफारिश पर आया फैसला

रिपोर्ट के अनुसार DGCA के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि यह देश रक्षा मंत्रालय की सिफारिश पर 20 मई को जारी किया गया। हालांकि इसकी जानकारी अब सामने आई है। इसका मकसद डिफेंस एरिया की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

क्रू मेंबर्स को दिए जाएंगे निर्देश

DGCA ने एयरलाइंस को निर्देश दिया है वे क्रू मेंबर्स के लिए एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार करें। मौजूद एयरपोर्ट्स पर उड़ान भरने से पहले या लैंडिंग से पहले पैसेंजर्स को इन नियमों की जानकारी दी जाएगी।

पंजाब की निगाह जीत के 'चौके पर

- जयपुर में दिल्ली कैपिटल्स की चुनौती का करना होगा सामना
- आखिरी दोनों मैच जीतकर 11 साल बाद तालिका में शीर्ष दो में रहने का प्रयास करेंगे किंग्स

एजेंसी । जयपुर

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी पंजाब किंग्स की टीम शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी। यह मुकाबला जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला जाएगा। पंजाब की नजर इस मैच सहित आखिरी दोनों मुकाबले जीतकर अंकतालिका में शीर्ष दो में पहुंचने पर है — जो कि वह 11 साल बाद हासिल कर सकती है।

नंबर गेम

- 4 विकेट से हराया था पंजाब ने दिल्ली को पिछले साल खेले गए एकमात्र मुकाबले में
- 8 विकेट दूर हैं पंजाब के अर्शदीप सिंह आईपीएल में सौ विकेट पूरे करने से

आमने-सामने

कुल मैच : 34
दिल्ली जीता : 16
पंजाब जीता : 17

दिल्ली के लिए सम्मान की लड़ाई

दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत चार जीत से की थी, लेकिन उसके बाद अगले 9 में से सिर्फ दो मैच जीत सकी। टीम अब प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अब उसका लक्ष्य सत्र का सम्मानजनक अंत करना होगा। केएल राहुल (504 रन), अभिषेक पोरेल (301 रन) और ट्रिस्टन स्टब्स (282 रन) ही ऐसे खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने रन बनाए। गेंदबाजी में मिचेल स्टार्क (14 विकेट) की वापसी से प्रदर्शन बेहतर हो सकता था, लेकिन उनके लौटने से दिल्ली कमजोर हुई। अक्षर पटेल की फिरकी इस सीजन बेअसर रही, जबकि कुलदीप यादव (13 विकेट) को अन्य गेंदबाजों का साथ नहीं मिला।

पंजाब की मजबूत स्थिति

नए कप्तान श्रेयस अय्यर की नेतृत्व क्षमता में पंजाब किंग्स ने इस सीजन शानदार प्रदर्शन किया है। अय्यर खुद चार अर्धशतकों के साथ 435 रन बना चुके हैं। उनके अलावा प्रभसिमरन सिंह (458 रन) और प्रियांश आर्य (356 रन) ने भी टीम को दमदार शुरुआत दिलाई है। नेहाल वढेरा और मार्कस स्टोइनिस जैसे मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजों से भी उम्मीदें होंगी। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह (11 विकेट) और युजवेंद्र चहल (13 विकेट) का प्रदर्शन शानदार रहा है। तीन दिन पहले जोश इंग्लिस, आरोन हार्डी और काइल जैमीसन जैसे विदेशी खिलाड़ी भी टीम से जुड़ चुके हैं, जिससे पंजाब की ताकत और बढ़ गई है।

राष्ट्रीय स्क्वॉश युगल चैंपियनशिप

अनाहत और अभय की दोहरी चमक

- जोशना के साथ अनाहत ने मिश्रित युगल में मारी बाजी
- अभय ने पुरुष युगल में भी जीता खिताब

चेन्नई। युवा सितारे अनाहत सिंह और अभय सिंह ने राष्ट्रीय स्क्वॉश युगल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरी सफलता हासिल की है। इन दोनों खिलाड़ियों ने न सिर्फ अपने-अपने युगल मुकाबलों में जीत दर्ज की, बल्कि मिश्रित युगल में भी चैंपियन बनकर टूर्नामेंट में धूम मचा दी।

अनाहत-जोशना की जोड़ी ने किया कमाल

महिला मिश्रित युगल के फाइनल में अनाहत सिंह ने दिग्गज खिलाड़ी जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर पूजा और रथिका एस की जोड़ी को सीधे गेम में 11-4, 11-9 से हराया। इस जीत के साथ अनाहत ने अपना पहला मिश्रित युगल राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया। निरुपमा और शामीना की जोड़ी को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

अभय-वेलावान बने पुरुष युगल चैंपियन

पुरुष युगल फाइनल में अभय सिंह और वेलावान सेंथिलकुमार की जोड़ी ने रवि दीक्षित और गुहान सेंथिलकुमार की जोड़ी को 11-5, 11-5 से हराकर खिताब अपने नाम किया। अभय वासुदेव और एन मयाप्पन को इस वर्ग में कांस्य पदक मिला।

मिश्रित युगल में फिर भिड़े सितारे, अनाहत-अभय को फिर जीत

इसके बाद खेले गए मिश्रित युगल फाइनल में अनाहत और अभय की जोड़ी ने अपने ही युगल साथियों जोशना और वेलावान को रोमांचक मुकाबले में 11-9, 5-11, 11-9 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। यह मुकाबला तीन गेम तक चला और दर्शकों के लिए किसी थ्रिलर से कम नहीं था। मिश्रित युगल में संदेश पीआर और शामीना की जोड़ी को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

मेराज-गनीमत शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल्स में शीर्ष पर रहे

नई दिल्ली। ओलंपियन मेराज अहमद खान और गनीमत सेखों ने डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में आयोजित दूसरे शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल्स की स्कीट स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष पर रहे। मेराज ने फाइनल में 55 का स्कोर करते हुए पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके अनंतजीत सिंह नरूका को एक अंक से पछाड़ा। गनीमत ने भी एक अंक के अंतर से जीत दर्ज की। उन्होंने 53 का स्कोर किया जबकि माहेश्वरी चौहान ने 52 अंक प्राप्त किए। पुरुष और महिला वर्ग में क्रमशः अंगद वीर सिंह बाजवा और परिनाज धालीवाल तीसरे स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग के लिए अलग चयन ट्रायल आयोजित नहीं किया गया था। इसी कारण महिलाओं में ओश्मी और मानसी को उनके स्कोर के आधार पर क्रमशः पहला और दूसरा स्थान दिया गया।

एंजेलो मैथ्यूज ने लिया टेस्ट क्रिकेट से संन्यास

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट टीम के दिग्गज खिलाड़ी एंजेलो मैथ्यूज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। वह अपना आखिरी मुकाबला बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ अगले महीने खेलेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। मैथ्यूज पिछले 17 साल से क्रिकेट का सबसे लंबा प्रारूप खेल रहे हैं। वह श्रीलंका के लिए टेस्ट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

मैथ्यूज ने क्या कहा?

मैथ्यूज ने एक्स पर लिखा, 'प्यारे दोस्तों और परिवार, एक आभार भरे दिल और ढेर सारी यादों के साथ अब समय आ गया है कि मैं क्रिकेट के अपने सबसे पसंदीदा प्रारूप टेस्ट को अलविदा कह दूं। पिछले 17 सालों तक श्रीलंका के लिए क्रिकेट खेलना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान और गर्व की बात रही है। जब कोई खिलाड़ी राष्ट्रीय जर्सी पहनता है।

मैंने क्रिकेट को अपना सबकुछ दिया है- मैथ्यूज

उन्होंने आगे लिखा, 'मैंने क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया है और बदले में क्रिकेट ने भी मुझे बहुत कुछ दिया। यही खेल मुझे वो इंसान बना पाया जो आज मैं हूं। मैं इस खेल का दिल से आभार मानता हूं और उन हजारों श्रीलंकाई फैंस का धन्यवाद करता हूं जो मेरे करियर में हर अच्छे-बुरे वक्त में मेरे साथ खड़े रहे।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

जवागल श्रीनाथ होंगे मैच रेफरी

नितिन मेनन को मिला चौथे अंपायर का दायित्व

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम भले ही इस बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) फाइनल में जगह नहीं बना पाई हो, लेकिन भारत की मौजूदगी मैदान के बाहर जरूर बनी रहेगी। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ को मैच रेफरी के रूप में नियुक्त किया गया है, जबकि अनुभवी अंपायर नितिन मेनन को चौथे अंपायर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के अंपायर संभालेंगे मैदानी जिम्मेदारी

लॉर्ड्स में 11 से 15 जून के बीच खेले जाने वाले इस खिताबी मुकाबले में इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और न्यूजीलैंड के क्रिस गाफाने मैदानी अंपायर होंगे। वहीं, अनुभवी रिचर्ड केटलबोरो को टीवी अंपायर नियुक्त किया गया है, जो इससे पहले 2021 WTC फाइनल में भी यही भूमिका निभा चुके हैं।

जय शाह ने की सराहना

आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा, ₹हमें गर्व है कि हम लॉर्ड्स में होने वाले इस प्रतिष्ठित मुकाबले के लिए इतनी अनुभवी और संतुलित मैच ऑफिशियल्स की टीम घोषित कर पा रहे हैं। यह दो वर्षों की कड़ी प्रतिस्पर्धा का समापन है।

तीसरे बार इतिहास रचेंगे इलिंगवर्थ

रिचर्ड इलिंगवर्थ लगातार तीसरे डब्ल्यूटीसी फाइनल में मैदानी अंपायर की भूमिका निभाकर इतिहास रचने जा रहे हैं। वहीं, नितिन मेनन 2021 के टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में टीवी अंपायर रह चुके हैं और अब WTC फाइनल में अपना डेब्यू बतौर चौथे अंपायर करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका

गौरतलब है कि WTC फाइनल में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का सामना पहली बार फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका से होगा। यह मुकाबला टेस्ट क्रिकेट का सबसे बड़ा ताज जीतने के लिए खेला जाएगा।

बॉ ली वु ड

'लुका छुपी 2' में नजर आएंगे वरुण धवन

कार्तिक आर्यन और कृति सैनन की फिल्म 'लुका छुपी' दर्शकों को बेहद पसंद आई थी, वहीं दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया था।अब हॉरर यूनिवर्स वाले दिनेश विजान अपनी फिल्म 'लुका छुपी' का सीक्वल बनाने वाले हैं, लेकिन नई फिल्म में न तो कार्तिक होंगे और न ही कृति। कार्तिक की जगह इसमें वरुण धवन ने ले ली है। पीपिंगमून के मुताबिक, निर्माता ने अपनी इस कॉमेडी फिल्म के सीक्वल पर काम शुरू कर दिया है और वह इसे फ्रैंचाइजी की शक्ल देने के लिए तैयार हैं।फिल्म में इस बार नए चेहरे देखने को मिलेंगे। वरुण के साथ अभिनेत्री शरवरी वाघ को सीक्वल में लिया गया है। मतलब यह कि कृति की जगह फिल्म में शरवरी ने ली है। दोनों ही कलाकार फिल्म का हिस्सा बनने के लिए अपनी रजामंदी दे चुके हैं। स्क्रिप्ट पर काम जारी है।

फिल्म की कहानी पिछले भाग से बिल्कुल अलग होने वाली है। कॉमेडी का तड़का तो इसमें भी लगेगा, लेकिन इसकी स्टोरी लाइन पहले जैसी नहीं होगी।



लोगों को पसंद आई सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की जोड़ी

'परम सुंदरी' का टीजर रिलीज

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की 'परम सुंदरी' इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। तुषार जलोटा के निर्देशन में बनी इस फिल्म का दर्शक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'परम सुंदरी' का टीजर 23 मई को राजकुमार राव की 'भूल चूक माफ' के साथ सिनेमाघरों में रिलीज कर दिया गया है। 'परम सुंदरी' में पहली बार बनी सिद्धार्थ और जाह्नवी की केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। यह फिल्म 25 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। दिनेश विजान इस फिल्म के निर्माता हैं। 'परम सुंदरी' में सिद्धार्थ दिल्ली के एक अमीर या कहें बड़े कारोबार का किरदार निभा रहे हैं। उधर जाह्नवी एक ऐसी लड़की (परम सुंदरी) के किरदार में हैं, जो केरल से ताल्लुक रखती है और पेशे से एक कलाकार है।

'स्क्विड गेम 3' का नया पोस्टर आया सामने

कोरियन थ्रिलर वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' के तीसरे सीजन का ऐलान पहले ही हो चुका है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में निर्माताओं ने 'स्क्विड गेम 3' का टीजर जारी किया था, वहीं अब इस सीरीज का नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसमें ली जुंग जे और पार्क सुंग हून समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है। 'स्क्विड गेम 3' का प्रीमियर 27 जून, 2025 से OTT प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'अंत की शुरुआत यहीं है।' यह इस लोकप्रिय कोरियाई थ्रिलर का आखिरी सीजन है। इसमें ली ब्युंग हुन, वी हा जून, इम सी वॉन और कांग हा न्यूल अपने-अपने किरदारों को दोहराते हुए नजर आएंगे। बता दें कि 'स्क्विड गेम' का पहला सीजन 2021 में रिलीज हुआ था ।

रवीना टंडन की तमिल सिनेमा में वापसी

अभिनेत्री रवीना टंडन ने अपने करियर में कई छोटी-बड़ी फिल्मों में काम किया है। अपने करियर की शुरुआत में उन्होंने कुछ तेलुगू फिल्मों में भी काम किया था, वहीं कन्नड़ फिल्म में भी उन्हें देखा गया। बंगाली और तमिल फिल्मों में भी उन्होंने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई और अब तमिल सिनेमा में अभिनेत्री की वापसी हो रही है और वो भी पूरे 24 साल बाद। वह तमिल स्टार विजय एंटनी की फिल्म 'लॉयर' से जुड़ गई हैं।

विजय एंटनी की इस फिल्म से रवीना का पोस्टर सामने आ चुका है और एक्टर-डायरेक्टर ने फिल्म में उनका स्वागत भी कर लिया है। जोशुआ सेथुरमन इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। उन्होंने इस बारे में बताया, ₹मुझे फिल्म 'शूल' में रवीना का अभिनय बेहद पसंद आया था। हमें अपनी फिल्म 'लॉयर' के लिए ऐसी ही अभिनेत्री चाहिए थी। फिल्म में विजय और रवीना दोनों का ही किरदार बहुत दमदार है।

रवीना की 24 साल पहले आई थी ये तमिल फिल्म

रवीना की पहली तमिल फिल्म थी 'साधु', जो साल 1994 में आई थी। पी वासु के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म फेल हो गई थी। इसके बाद साल 2001 में रवीना तमिल सिनेमा में लौटीं। उन्होंने कमल हासन के साथ 'आलावंधन' में काम किया, जिसमें मनीषा कोइराला भी थीं।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

कोटा कोचिंग: सपने, सुसाइड और सवाल

छात्रों की आत्महत्या पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

▸▸ राजस्थान सरकार से मांगा जवाब

▸▸ इस साल अब तक 14 से अधिक छात्र कर चुके हैं

एजेंसी । नई दिल्ली

स्टूडेंट सुसाइड के बढ़ते मामलों को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें कोटा (राजस्थान) में हो रही घटनाओं को गंभीर चिंता का विषय बताया गया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की खंडपीठ ने राज्य सरकार की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कड़ी टिप्पणी की।

2025 में अब तक 14 आत्महत्याएं, आंकड़े डरावने

सुप्रीम कोर्ट ने 6 मई 2025 की पिछली सुनवाई में चिंता जाहिर की थी कि इस वर्ष कोटा में अब तक 14 छात्रों ने आत्महत्या की है। 2024 में यह संख्या 17 थी, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 26 तक पहुंच गया था। इससे पहले 2022 में 15, 2019 में 18, 2018 में 20 और 2017 में 7 छात्रों ने जान दी थी। कोविड काल (2020-2021) में कोचिंग बंद होने से आत्महत्या के मामले सामने नहीं आए।

कोर्ट ने जवाब प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

बीते कुछ दिनों पहले IIT खड़गपुर के एक छात्र के सुसाइड का मामला और कोटा में एक छात्रा का शव मिलने को लेकर शुक्रवार को कोर्ट सुनवाई कर रही थी। इस दौरान कोर्ट ने राजस्थान सरकार को इन घटनाओं के संदर्भ में विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

कोटा में ही छात्र क्यों खुदकुशी कर रहे : सुप्रीम कोर्ट

14 जुलाई 2025 को होगी सुनवाई

कोर्ट ने यह भी कहा कि छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर राज्य की जिम्मेदारी तय की जाएगी। कोर्ट ने अगली सुनवाई को लेकर 14 जुलाई 2025 की तारीख तय की है। सुनवाई में कोर्ट मानसिक स्वास्थ्य, कोचिंग संस्कृति और सरकारी जिम्मेदारी पर सवाल कर सकती है।

कोटा : कभी शैक्षणिक, अब मानसिक दबाव का केंद्र

हर साल कोटा में 85,000 से 1 लाख छात्र देशभर से JEE और NEET की तैयारी के लिए आते हैं। यहां 300 से अधिक कोचिंग संस्थान हैं, जिनका सालाना टर्नओवर कभी 7,000 करोड़ रुपए तक था, लेकिन अब घटकर 3,500 करोड़ रुपए रह गया है। छात्रों पर अत्यधिक दबाव का आलम यह है कि उन्हें रोजाना 18 घंटे पढ़ाई करनी पड़ती है। हर 15 दिन में टेस्ट, रैंकिंग और दाखिले की सीमित सीटों की दौड़ छात्रों को मानसिक रूप से तोड़ रही है। JEE में करीब 10 लाख छात्रों में से केवल 10,000 को IIT में दाखिला मिलता है, जबकि NEET में 20 लाख में से महज 1.4 लाख को मेडिकल कॉलेज की सीट मिल पाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि कोचिंग सिस्टम अब एक 'मनी मिंटिंग मशीन' बन गया है। एक शिक्षक एक बार में 300 छात्रों को पढ़ाता है, जिससे व्यक्तिगत ध्यान देना असंभव हो गया है। छात्रों की पहचान सिर्फ उनके अंक से तय की जाती है। 2024 में आत्महत्याओं में 38% की गिरावट आई थी।

'अगर यूएस में नहीं बनाया आईफोन तो लगाएंगे 25% टैरिफ'

ट्रंप ने एपल को फिर दी सीधी धमकी

एजेंसी । वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर एपल को धमकी दी है। उन्होंने शुक्रवार को खुली धमकी देते हुए कहा कि अमेरिका में बिकने वाले आईफोन अमेरिका में ही बनने चाहिए। अगर वह अमेरिका से बाहर भारत या अन्य किसी देश में ऐसा करेंगे तो यह एपल पर भारी पड़ेगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि अगर प्रौद्योगिकी कंपनी ने ऐसा नहीं किया तो एपल के उत्पादों पर 25% टैरिफ लगाया जाएगा। शुक्रवार को ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने पोस्ट कर यह धमकी दी। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, 'मैंने बहुत पहले ही एपल के टिम कुक को इस बारे में बता दिया था कि मुझे उम्मीद है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में बेचे जाने वाले उनके आईफोन का निर्माण संयुक्त राज्य अमेरिका में किया जाएगा, न कि भारत या किसी अन्य स्थान पर। अगर ऐसा नहीं होता है, तो एपल को अमेरिका को कम से कम 25% टैरिफ का भुगतान करना होगा।'

बढ़ सकती है आईफोन की कीमत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि आईफोन की कीमतों में नाटकीय रूप से बढ़ोतरी हो सकती है। इसके चलते एपल की बिक्री और मुनाफे को नुकसान हो सकता है। इतना ही नहीं एपल भी अब अमेजन वालमार्ट और अन्य प्रमुख कंपनियों के साथ व्हाइट हाउस के निशाने पर आ गई है। दरअसल, ये कंपनियां ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ से पैदा हुई अनिश्चितता और मुद्रास्फीति के दबाव का जवाब देने की कोशिश कर रही हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

वाईएसआरसीपी नेता के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी

मछलीपट्टनम। आंध्र प्रदेश पुलिस ने वरिष्ठ वाईएसआरसीपी नेता और गुडीवाड़ा के पूर्व विधायक केश्री वेंकटेश्वर राव (कोडाली नानी) के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। कृष्णा जिले के पुलिस अधीक्षक आर गंगाधर राव ने कहा कि पूर्व मंत्री के खिलाफ गुरुवार से सर्कुलर लागू है। उन्होंने कहा कि सर्कुलर गुडीवाड़ा में वाईएसआरसीपी नेता के खिलाफ दर्ज कुछ मामलों से संबंधित है। देश के सभी हवाई अड्डों को जारी किए गए इस सर्कुलर का उद्देश्य कोडाली नानी को देश से भागने से रोकना है।

मेडिकल छात्रा से सामूहिक दुराचार

सांगली। जिले में तीसरे वर्ष की एक मेडिकल छात्रा से उसके साथ पढ़ने वाले दो छात्रों और एक अन्य दोस्त द्वारा कथित सामूहिक दुराचार का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 18 मई की है, जब छात्रा और आरोपियों ने रात करीब 10 बजे थिएटर में फिल्म देखने जाने की योजना बनाई थी। पुलिस अधिकारी के अनुसार, आरोपियों ने फिल्म देखने से पहले छात्रा को एक फ्लैट में ले जाकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे बेहोश कर दिया। नशे की हालत में तीनों ने उसके साथ दुराचार किया और धमकी दी कि अगर उसने किसी को बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।।

एसएमएस अस्पताल में खून चढ़ाने के दौरान गर्भवती की मौत

जयपुर। जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल में टोंक की एक गर्भवती महिला की खून चढ़ाने के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि गलत समूह का खून चढ़ाए जाने के कारण ऐसा हुआ। अधिकारियों के अनुसार 23 वर्षीय चैना को 12 मई को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गर्भवती महिला का हीमोग्लोबिन बहुत कम था और वह तपेदिक सहित कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित थी।

पृथ्वी विज्ञान सचिव रविचंद्रन को एक साल का सेवा विस्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान सचिव एम रविचंद्रन का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। रविचंद्रन ने 11 अक्तूबर, 2021 को यह पद संभाला था। वह 60 साल की आयु पूरी होने पर इस महीने के अंत में सेवानिवृत्त होने वाले थे। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय के 22 मई के एक आदेश के अनुसार कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव के रूप में रविचंद्रन का कार्यकाल विस्तार उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख एक जून, 2025 से एक साल के लिए 31 मई, 2026 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, कर दिया है।

चार पुलिसकर्मी गिरफ्तार

एजेंसी । फगवाड़ा

■ ड्रग तस्कर को बचाने के लिए परिजनों से 2.5 लाख की रिश्वत ली

पंजाब के फगवाड़ा में ड्रग तस्कर के परिवार से कथित तौर पर रिश्वत लेने के मामले में जिला अपराध जांच एजेंसी (CIA) के चार पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अधिकारियों में CIA प्रभारी बीसमन साही, सहायक उपनिरीक्षक जसविंदर सिंह, निर्मल कुमार और हेड कांस्टेबल जगरूप सिंह शामिल हैं। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) नवीन सिंगला के अनुसार, इन पुलिसकर्मियों ने ड्रग तस्कर हनी को छोड़ने के लिए उसके परिजनों से 2.5 लाख रुपए की रिश्वत ली थी। सिंगला के नेतृत्व में की गई जांच और निगरानी के बाद यह कार्रवाई की गई।

मुख्य न्यायाधीश के प्रोटोकॉल चूक मामले में याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने लगाई याचिकाकर्ता को फटकार, 7000 रुपए का जुर्माना लगाया

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई की महाराष्ट्र यात्रा के दौरान प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोपों पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने इसे "सस्ती लोकप्रियता और प्रचार पाने की कोशिश" करार देते हुए याचिकाकर्ता अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी पर 7000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। मुख्य न्यायाधीश गवई और जस्टिस ए.जी. मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए कहा कि जब खुद CJI ने अधिकारियों की माफी स्वीकार

कर ली थी और मामले को तूल न देने की अपील की थी, तो ऐसी याचिका दाखिल करने की जरूरत ही नहीं थी। पीठ ने टिप्पणी की, "हम इस प्रकार की प्रथा की कड़ी निंदा करते हैं। सभी संबंधित पक्षों को राई का पहाड़ नहीं बनाना चाहिए।"

युवा वकील को चेतावनी, बड़ी सजा से राहत

पीठ ने बताया कि चूंकि याचिकाकर्ता एक सात साल का अनुभव रखने वाला युवा वकील है, इसलिए उस पर भारी जुर्माना नहीं लगाया गया। कोर्ट ने समझाइश देते हुए कहा कि उन्हें CJI द्वारा जारी प्रेस नोट पर ध्यान देना चाहिए था, जिसमें अधिकारियों की माफी के बाद मामले को शांत रखने की अपील की गई थी।

क्या थी याचिका में मांग ?

याचिका में महाराष्ट्र के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक समेत अन्य अधिकारियों के खिलाफ प्रोटोकॉल में चूक को लेकर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता का दावा था कि CJI की महाराष्ट्र यात्रा के दौरान सुरक्षा और स्वागत की व्यवस्थाओं में लापरवाही हुई।

अंतिम कार्य दिवस पर जस्टिस एएस ओका ने सुनाए 11 फैसले

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस एएस ओका ने शुक्रवार को अपने अंतिम कार्य दिवस पर 11 फैसले सुनाए, जबकि कुछ घटों पहले ही उनकी मांग का निधन हुआ था। जस्टिस ओका अपनी मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गुरुवार को मुंबई गए थे,फिर शुक्रवार को अपने अंतिम कार्य दिवस के लिए दिल्ली लौट आए। वह कल सेवानिवृत्त होंगे। जस्टिस ओका ने शुक्रवार को अपनी नियमित बेंच में बैठकर 11 फैसले सुनाए, फिर चीफ जस्टिस (सीजेआई) के साथ औपचारिक बेंच में बैठे। यह एक नई परंपरा थी।

सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) की ओर से 21 मई को आयोजित विदाई समारोह में जस्टिस ओका ने कहा था कि वह सेवानिवृत्त होने वाले जजों के अंतिम कार्य दिवस पर काम न करने की परंपरा से सहमत नहीं हैं।

पंजाब में भ्रष्टाचार केस में आप विधायक गिरफ्तार

एजेंसी । चंडीगढ़

▸▸ 3 बैगों में भरकर दस्तावेज ले गई विजिलेंस टीम

▸▸ सीएम बोले- अपना हो या पराया भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं

पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक रमन अरोड़ा को अरेस्ट किया गया है। रमन अरोड़ा को पंजाब सरकार के सतर्कता ब्यूरो ने अरेस्ट किया है। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने राज्य में आप के विधायक रमन अरोड़ा के जालंधर स्थित आवास पर भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को छापेमारी की। इसके बाद ब्यूरो ने आप विधायक को अरेस्ट किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। रमन अरोड़ा (54) जालंधर सेंट्रल सीट से विधायक हैं। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी जालंधर में कुछ अधिकारियों के माध्यम से निर्दोष लोगों को भेजे गए कथित झूठे नोटिस से संबंधित है, जिसमें अरोड़ा की भूमिका जांच के दायरे में आ गई है। संपर्क करने पर आप के प्रवक्ता नील गर्ग ने अरोड़ा के घर पर छापेमारी की पुष्टि की है। राज्य सरकार ने हाल ही में अरोड़ा की सुरक्षा वापस ले ली थी, जिसके बाद विधायक ने मीडिया से कहा था कि उन्हें इस कदम के पीछे के कारण की जानकारी नहीं है। इससे पहले अरोड़ा की सुरक्षा में कथित तौर पर 14 बंदूकधारी तैनात थे।

क्यों हुई अरोड़ा की गिरफ्तारी?

पंजाब सतर्कता ब्यूरो (वीबी) ने शुक्रवार को जालंधर सेंट्रल के आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक रमन अरोड़ा को नगर निगम के पूर्व सहायक नगर योजनाकार (एटीपी) सुखदेव वशिष्ठ से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया, जिन्हें पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया था। अरोड़ा ने कथित तौर पर वशिष्ठ का इस्तेमाल फर्जी नोटिस जारी करने और लक्षित व्यक्तियों से पैसे ऐंठने के लिए किया। उनके खिलाफ शिकायतों के बाद वीबी ने शुक्रवार सुबह अरोड़ा के घर पर छापा मारा। हालांकि वीबी के अधिकारी चुप रहे, लेकिन आप ने इस घटनाक्रम को एक्स पर पोस्ट किया कि भगवंत मान सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई।

अमित मालवीय और अर्णब गोस्वामी को कर्नाटक हाई कोर्ट से राहत

एजेंसी । बेंगलुरु

कर्नाटक हाई कोर्ट ने भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय और रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्णब गोस्वामी को राहत दी है। अदालत ने दोनों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगाई है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) द्वारा इस्तांबुल, तुर्किये में कार्यालय चलाने के झूठे दावों को फैलाने के आरोपों में यह कदम उठाया गया है। यह रोक तब तक प्रभावी रहेगी जब तक अगली सुनवाई नहीं होती। जस्टिस एस. राचिया ने गुरुवार को मालवीय और गोस्वामी द्वारा दायर याचिकाओं की सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

एक और मामले में आरोपी हैं अमित मालवीय

बता दें कि मालवीय एक विवादास्पद इंटरनेट मीडिया पोस्ट के लिए भी अलग मामले का सामना कर रहे हैं, जिसमें उन्होंने एक मोर्फ्ड छवि साझा की थी, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी का आधा चेहरा पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के आधे चेहरे से मिला हुआ था। इस पोस्ट में आरोप लगाया गया था कि आपरेशन सिंदूर के मामले में राहुल गांधी पाकिस्तान के नरेटिव के साथ जुड़ रहे हैं। अब दोनों मामलों पर रोक लग गई है, जो उन्हें रद करने के लिए दायर याचिकाओं के बाद हुई है।

बीजेपी विधायक कंवर लाल मीणा की विधानसभा सदस्यता रद्द

20 साल पुराने मामले में मिली थी सजा

एजेंसी । जयपुर

राजस्थान विधानसभा ने शुक्रवार को भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा को अयोग्य घोषित कर दिया। यह कार्रवाई 20 साल पुराने एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने और तीन साल की जेल की सजा मिलने के बाद की गई है। अंता विधानसभा सीट से विधायक मीणा की सदस्यता 1 मई 2025 से प्रभावी रूप से रद्द मानी गई है।

सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट पर पिस्तौल तानने का मामला

मीणा को यह सजा उस मामले में मिली, जिसमें उन पर एक उपखंड अधिकारी पर पिस्तौल तानने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, धमकी देने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप था। झालावाड़ जिले की अकलेरा एडीजे कोर्ट ने 14 दिसंबर 2020 को उन्हें दोषी ठहराते हुए तीन साल की कैद की सजा सुनाई थी ।

सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत, विधानसभा ने की कार्रवाई

मीणा ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी सजा पर रोक लगाने की याचिका दायर की थी, जिसे शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया। अदालत ने उन्हें दो सप्ताह में आत्मसमर्पण का आदेश दिया था। इसके बाद मीणा ने 21 मई को अकलेरा कोर्ट में सरेंडर कर दिया और फिलहाल जेल में हैं।

वित्तीय कार्रवाई | पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर घेरेगा भारत

पाकिस्तान को फिर FATF की ग्रे लिस्ट में लाएंगे : सरकार



▸▸ भारत एफएटीएफ में पाकिस्तान को ग्रे सूची में शामिल कराने के लिए देगा पुख्ता साक्ष्य

▸▸ ग्रे सूची में शामिल होने से पाकिस्तान पर लागू होंगी कड़ी शर्तें, रुकेगी वित्तीय सहायता

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान को घेरने की तैयारी में है। भारत अगले महीने वैश्विक मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण निगरानी संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) में पाकिस्तान द्वारा टेरर फंडिंग किए जाने का मुद्दा उठाएगा। साथ ही, विश्व बैंक की आगामी फंडिंग का भी विरोध करेगा। भारत की तरफ से वह सभी साक्ष्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसी के सामने रखे जाएंगे, जिनसे साबित होता है कि पाकिस्तान मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के लिए फंडिंग में लिप्त है।

ग्रे सूची में शामिल होने का मतलब

अगर कोई देश मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण को रोकने में विफल रहता है या अप्रत्यक्ष रूप से मनी लांड्रिंग और आतंकवाद को वित्तीय रूप से बढ़ावा देता हैं तो ऐसे देश को ग्रे लिस्ट में रखा जाता है। इसके बाद संबंधित देश पर निगरानी बढ़ जाती है। इस सूची में शामिल होने पर अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां तमाम सारी शर्तें लगाती है, जिन्हें पूरा करने के बाद वित्तीय सहायता दी जाती है।

पाकिस्तान का ग्रे सूची से जुड़ा पुराना इतिहास

इस सूची में शामिल होने का पाकिस्तान का इतिहास काफी पुराना रहा है। उसे वर्ष 2008 में ग्रे सूची मे डाला गया लेकिन 2009 में हटा दिया गया। उसके बाद 2012 से 2015 तक सूची में शामिल रहा। एफएटीएफ ने जून 2018 में पाकिस्तान को फिर से सूची में शामिल डाला। साथ ही, संगठन ने पाकिस्तान को एक कार्य योजना को पूरा करने का निर्देश दिया। पाकिस्तान से कहा गया कि वह संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा नामित आतंकवादी समूहों, उनके सदस्यों और सहयोगियों के खिलाफ वित्तीय दंड, संपत्ति जब्ती, जांच और कानूनी कार्यवाही करेगी। कुछ शर्तों का पालन होने के बाद अक्टूबर 2022 में पाकिस्तान को सूची से बाहर किया गया, लेकिन इस शर्त के साथ कि पाकिस्तान अपने एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग व आतंकवाद ढांचे के खिलाफ एशिया प्रशांत समूह (एपीजी) के साथ सहयोग बनाए रखेगा।